दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 131 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर। सोमवार 16 मार्च 2026 | चैत्र, कृष्ण पक्ष द्वादशी, संवत्-2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## केजरीवाल-सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

### शराब नीति मामले में हाईकोर्ट के समन को चुनौती, जज बदलने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई कर रहे जज को बदलने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। वहीं सिसोदिया ने हाईकोर्ट के समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को केजरीवाल, सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को एक्साइज पॉलिसी केस में डिस्चार्ज (रिहा) कर दिया था। इसी दिन सीबीआई ने हाईकोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी। 9 मार्च को हाईकोर्ट के जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने सीबीआई की याचिका पर केजरीवाल, सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। सीबीआई की अपील पर अब 16 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। इसी बीच आप नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

**जांच अधिकारी के खिलाफ डिपार्टमेंटल एक्शन पर भी रोक**-9 मार्च की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ट्रायल कोर्ट आगे की सुनवाई तब तक टाल दे, जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर आगे सुनवाई न कर ले।

## घूमने की कहकर निकला था, आरडीएक्स के साथ पकड़ा गया

### 3 आरोपियों के पास मिला पाकिस्तानी विस्फोटक, एक राजस्थान का



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** वह दिल्ली घूमने जाने की कहकर घर से निकला था। वह मर जाता तो ज्यादा सही होता। हम तो यही चाहते हैं। हम सरकार के साथ हैं। जिसने भी उसका माइंडवॉश किया, उसे पकड़ा जाए। हम सीधे-सादे लोग हैं और अपने काम से काम रखते हैं। जो ऊपर वाले को मंजूर था, वो हो गया। हम इस मामले में कड़ी कार्रवाई चाहते हैं। यह कहना है अंबाला (हरियाणा) में विस्फोटक के साथ पकड़े गए आरोपी अजमेर के अली अकबर उर्फ बाबू (30) के भाई अली असगर का। पाकिस्तान से भेजे आरडीएक्स से हनुमानगढ़ में ब्लास्ट करने की साजिश थी। इससे पहले ही अली अकबर और उसके दो साथियों को पकड़ लिया गया। पुलिस ने अकबर के घर से जानकारी और दस्तावेज जुटाए हैं। वह अजमेर में ऑटो चलाता था। तीनों आरोपियों के पास से 2 किलो आरडीएक्स, आईईडी और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी आतंकी शहजाद भट्टी के इशारे पर ड्रोन के जरिए अमृतसर (पंजाब) में आरडीएक्स और अन्य सामान भेजा गया था। शहजाद भट्टी ने यह साजिश रची थी।

### भाई बोला- हजार रु लेकर गया था दिल्ली घूमने

अजमेर के दिल्ली गेट लोंगिया मोहल्ला के रहने वाले अली असगर ने कहा- 8 मार्च को सुबह 6 बजे वह (अकबर) घर से यह कहकर निकला था कि मैं जयपुर से दिल्ली घूमने जा रहा हूं। इसके लिए वह घर से एक हजार रुपए लेकर गया था। रात को फिर उसने मुझे फोन किया और कहा कि मेरे पास खर्च के रुपए कम हैं, 500 रुपए और डाल दो। इसके बाद मैंने उसको फोन-पे से 500 रुपए भेज दिए थे।

## असम, पश्चिम बंगाल समेत 4 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की चुनाव तारीखों का ऐलान...

# पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग






## तमिलनाडु में 23 अप्रैल, असम-केरल-पुडुचेरी में 9 अप्रैल को वोटिंग

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चुनाव आयोग ने रविवार को असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अहम जानकारियां साझा की। असम, केरल और पुडुचेरी में एक चरण में 9 अप्रैल को चुनाव होंगे। वहीं, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। जबकि, तमिलनाडु में एक चरण में 23 अप्रैल को मतदान होगा। इन सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश के चुनावों के नतीजे 4 मई को जारी किए जाएंगे। पांचों राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव की घोषणा होने के साथ ही तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि आयोग ने पिछले कुछ दिनों में सभी चुनावी राज्यों का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा की है और राजनीतिक दलों, अधिकारियों तथा मतदाताओं से बातचीत की है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग की टीम ने इन राज्यों में जाकर विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों से मुलाकात कर उनके सुझाव भी लिए गए। साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों, जिला निर्वाचन




अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, राज्य निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस महानिदेशकों से भी विस्तृत चर्चा की गई।

उन्होंने बताया कि आयोग ने युवाओं और पहली बार मतदान करने जा रहे मतदाताओं से भी संवाद किया। इसके अलावा चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) के काम की भी सराहना की गई। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि ये पांचों राज्य और केंद्र शासित प्रदेश भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से एक-दूसरे से काफी अलग हैं। ऐसे में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराया गया, ताकि कोई भी योग्य मतदाता वोट देने से वंचित न रह जाए और कोई अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो सके। उन्होंने कहा, स्वच्छ मतदाता सूची लोकतंत्र की आत्मा होती है। इसलिए हमने यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया कि सभी पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल हो।

### 4 राज्यों में एसआईआर तमिलनाडु में सबसे ज्यादा नाम कटे

जिन पांच राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें एसआईआर के बाद तमिलनाडु से सबसे ज्यादा वोटर्स के नाम कटे हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के दौरान राज्य में कुल 6,41,14,587 वोटर थे। करीब चार महीने चली एसआईआर में 74,07,207 लोगों के नाम हटाए गए हैं। राज्य में अब 5,67,07,380 मतदाता पंजीकृत हैं। वहीं पश्चिम बंगाल दूसरे नंबर पर है जहां करीब 58 लाख लोगों के नाम कटे हैं।

### एसआईआर सबसे महत्वपूर्ण पहल, मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता ना हों : ज्ञानेश कुमार

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी है। इन राज्यों के किसी भी मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मुताबिक, भीड़ और अव्यवस्था को रोकने के लिए यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न हों।

विधानसभा चुनाव 2026

**पुडुचेरी- चुनाव शेड्यूल** (कुल सीटें- 30 | बहुमत- 16)

| नॉमिनेशन | स्क्रूटनी | नाम वापसी | वोटिंग | रिजल्ट |
|---|---|---|---|---|
| 16 मार्च से 23 मार्च | 24 मार्च | 26 मार्च | 9 अप्रैल | 4 मई |

विधानसभा चुनाव 2026

**केरल- चुनाव शेड्यूल** (कुल सीटें- 140 | बहुमत- 71)

| नॉमिनेशन | स्क्रूटनी | नाम वापसी | वोटिंग | रिजल्ट |
|---|---|---|---|---|
| 16 मार्च से 23 मार्च | 24 मार्च | 26 मार्च | 9 अप्रैल | 4 मई |

विधानसभा चुनाव 2026

**असम-चुनाव शेड्यूल** (कुल सीटें- 126 | बहुमत- 64)

| नॉमिनेशन | स्क्रूटनी | नाम वापसी | वोटिंग | रिजल्ट |
|---|---|---|---|---|
| 16 मार्च से 23 मार्च | 24 मार्च | 26 मार्च | 9 अप्रैल | 4 मई |

विधानसभा चुनाव 2026

**तमिलनाडु- चुनाव शेड्यूल** (कुल सीटें- 234 | बहुमत- 118)

| नॉमिनेशन | स्क्रूटनी | नाम वापसी | वोटिंग | रिजल्ट |
|---|---|---|---|---|
| 30 मार्च से 6 अप्रैल | 7 अप्रैल | 9 अप्रैल | 23 अप्रैल | 4 मई |

विधानसभा चुनाव 2026

**पश्चिम बंगाल - चुनाव शेड्यूल** (कुल सीटें- 294 | बहुमत- 148) फेज 1 | 152 सीटें

| नॉमिनेशन | स्क्रूटनी | नाम वापसी | वोटिंग | रिजल्ट |
|---|---|---|---|---|
| 30 मार्च से 6 अप्रैल | 7 अप्रैल | 9 अप्रैल | 23 अप्रैल | 4 मई |

विधानसभा चुनाव 2026

**पश्चिम बंगाल - चुनाव शेड्यूल** (कुल सीटें- 294 | बहुमत- 148) फेज 2 | 142 सीटें


| नॉमिनेशन | स्क्रूटनी | नाम वापसी | वोटिंग | रिजल्ट |
|---|---|---|---|---|
| 2 अप्रैल से 9 अप्रैल | 10 अप्रैल | 13 अप्रैल | 29 अप्रैल | 4 मई |

# मौत की अफवाह के बीच कॉफी पीते दिखे नेतन्याहू

### इजराइली पीएम ने रेस्टोरेंट की वीडियो पोस्ट की

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आज सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे एक रेस्टोरेंट में बैठकर कॉफी पीते नजर आ रहे हैं। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा- वे कहते हैं कि मैं क्या हूं? इस वीडियो के जरिए उन्होंने अपनी मौत की अफवाहों पर जवाब दिया। दरअसल इससे पहले सोशल मीडिया पर खबर फैल गई थी कि नेतन्याहू मारे गए हैं। 13 मार्च को उनके एक वीडियो मैसेज में कुछ लोगों ने दावा किया कि उनके दाएं हाथ में 6 उंगलियां दिख रही हैं। इसके बाद कई यूजर्स ने उस वीडियो को एआई या डीपफेक बताना शुरू कर दिया। इसके बाद अफवाह फैलने लगी कि ईरान के हमले में नेतन्याहू की हत्या हो गई या वे जर्मनी भाग गए हैं। हालांकि बाद में इजराइली पीएम



ऑफिस ने बयान जारी कर कहा था कि नेतन्याहू पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### ईरान बोला- सुप्रीम लीडर मुजतबा पूरी तरह ठीक

ईरान ने कहा है कि देश के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई पूरी तरह ठीक हैं और उन्हें कोई चोट नहीं लगी है। इससे पहले ब्रिटिश मीडिया द सन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि मुजतबा 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल हो गए थे। इसके बाद से वे कोमा में हैं और उनका एक पैर भी काटना पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने भी कहा था कि मुजतबा घायल हो गए हैं। हालांकि अराघची ने इन दावों को खारिज कर दिया है।

## उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक पाकिस्तानी आतंकी ढेर

### बुछार में ऑपरेशन DIGGI-2 जारी; पुंछ में ऑपरेशन शेरीकलां के दौरान जवान शहीद

बढ़ता राजस्थान



**पुंछ/उरी।** कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में ऑपरेशन DIGGI-2 के दौरान एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। यह कार्रवाई तब हुई जब भारतीय सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा यानी एलओसी के पास कुछ हलचल देखी। इसके बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन चलाया। 14-15 मार्च की रात बुछार इलाके में घुसपैठ कर रहे आतंकी ने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें आतंकी मारा गया। सेना ने आतंकी के पास से हथियार बरामद किए हैं, जिसमें एक एके राइफल, पिस्तौल और गोला-बारूद शामिल हैं। ऑपरेशन फिलहाल जारी है। वहीं, शनिवार को पुंछ में जारी ऑपरेशन शेरीकलां के तहत एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर शहीद हो गया। जवान का नाम सूबेदार संदीप कुमार ढाका है। व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि ढाका सुरनकोटे के ऊबड़-खाबड़ इलाके में ड्यूटी करते समय फिसलकर गिर गए थे।




## गिल-मंधाना बीसीसीआई इंटरनेशनल क्रिकेटर चुने गए

### 2 साल में आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली पांचों टीमें सम्मानित, द्रविड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट मिलेगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को रविवार को बीसीसीआई इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ ईयर चुना गया है। साथ ही बीसीसीआई ने 1983 वर्ल्डकप विजेता टीम के सदस्य रोजर बिन्नी और पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। दरअसल बीसीसीआई ने रविवार को दिल्ली में नमन अवॉर्ड 2026 का आयोजन कर रहा है। इस दौरान भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। साथ ही अंडर-19 टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे को डोमेस्टिक में बेहतर परफॉर्मेंस के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड के लिए चुना गया। इसके अलावा 2024-26 तक 5 आईसीसी टूर्नामेंट जीतने वाली पांचों टीमों को सम्मानित किया गया। इसमें मेंस टी-20 वर्ल्डकप, चैंपियंस ट्रॉफी, विमेंस वर्ल्डकप के अलावा, अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली मेंस-विमेंस टीमें शामिल रहीं।



### आयकर अधिनियम, जीएसटी, कंपनी अधिनियम तथा टीडीएस पर विशेष सेमिनार आयोजित

# उदयपुर टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा प्लेटिनम जुबली वर्ष के तहत

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा अपने प्लैटिनम जुबली वर्ष (75 वर्ष) के उपलक्ष्य में मार्च माह के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों के तहत आभा फार्म हाउस कार्ड, शतरंज, लूडो आदि इंडोर गेम्स सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीए मधुसूदन झंवर थे। इस कार्यक्रम में लगभग 40 सदस्यों एवं उनके जीवनसाथियों तथा 10 बच्चों ने भाग लेकर कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर सदस्यों के बीच मैत्रीपूर्ण वातावरण में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

संस्था के सचिव सीए अंकुश जैन ने बताया कि संगठन के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में सीटीएई प्लेसमेंट हॉल में आयकर अधिनियम, जीएसटी, कंपनी अधिनियम तथा टीडीएस विषयों पर एक विशेष सेमिनार आयोजित किया गया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए गौतम सुखलेचा ने बताया कि सेमिनार के प्रथम तकनीकी सत्र में सीए-सीएस उदयपुर टैक्स बार चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष पवन तलेसरा ने कंपनी अधिनियम में प्रस्तावित एमनेस्टी स्कीम के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा इसके व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात आयोजित द्वितीय तकनीकी सत्र में सीए सौरभ नागदा ने जीएसटी के नवीनतम अपडेट्स एवं वर्षांत में जीएसटी रिटर्न भरते समय किन-किन महत्वपूर्ण बिंदुओं का ध्यान रखना चाहिए, इस पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यदि रिटर्न भरते समय तकनीकी सावधानियां बरती जाएं तो भविष्य में किसी भी प्रकार की कानूनी अथवा तकनीकी समस्याओं से बचा जा सकता है।

सेमिनार के तृतीय मुख्य सत्र में इंदौर से आयें वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेश मेहता ने आयकर अधिनियम, 1961 एवं प्रस्तावित आयकर अधिनियम 2025 में होने वाले महत्वपूर्ण बदलावों, टीडीएस-टीसीएस प्रावधानों तथा धर्मार्थ ट्रस्ट एवं संस्थाओं के पंजीकरण एवं आयकर अनुपालन से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर आयकर विभाग (एक्जेम्प्शन) के आयकर अधिकारी हेमपाल चैधरी ने धर्मार्थ संस्थाओं एवं ट्रस्टों के आयकर रिटर्न एवं पंजीकरण से संबंधित विषयों पर पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने रिटर्न एवं पंजीकरण फॉर्म भरते समय होने वाली छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से बताते हुए उपस्थित सदस्यों का मार्गदर्शन किया।

इस सेमिनार में लगभग 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, टैक्स कंसल्टेंट्स एवं अधिवक्ता शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए तकनीकी प्रश्नों का समाधान करते हुए उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया।

अध्यक्ष सीए गौतम सुखलेचा ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि एसोसिएशन द्वारा 21 एवं 22 मार्च 2026 को सदस्यों के लिए दो दिवसीय आरआरसी भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत जवाई सफारी, रणकपुर एवं पावापुरी तीर्थधाम का भ्रमण किया जाएगा। यह कार्यक्रम सदस्यों के लिए एक सामाजिक एवं मैत्रीपूर्ण भ्रमण का अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम के अंत में कार्यकारिणी सदस्य कल्पेश जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि संस्था के कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश बंसल ने सभी उपस्थित सदस्यों एवं वक्ताओं को स्नेह भोज के लिए आमंत्रित किया।

सेमिनार में दिलीप बाबेल, गौरव व्यास, अमित तिवारी, आशीष रतनावत, शैलेश माहेश्वरी, सी.एस. नानावटी, एच.एस. नानावटी, संदीप लोढ़ा, चंद्रप्रकाश बाल्दी, शशिकांत मेहता, मोहित वाणावत, दिनेश कोठारी, सविता गुप्ता, विमल सुराणा सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने सहभागिता की।

## हाइवे पर दर्दनाक हादसा, किशोर की मौत

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी।** शहर से गुजर रहे हाईवे 11बी पर लाहौरिया पुरा मोड़ के पास दर्दनाक हादसा हुआ है। अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार 18 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हुई है। वही उसके साथ बैठे दो छोटे बच्चे घायल हुए हैं। पद यात्रियों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। जहां से उन्हें निजी साधन से बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों घायल बच्चों को गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर किया है। मृतक मनीष के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।घटना को लेकर मृतक मनीष गौड़ पुत्र हरिशंकर गौड़ के ताऊ हरिबिलास गौड़ ने बताया की 18 वर्षीय मनीष 10वीं कक्षा का छात्र था। जो शहर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला में पढ़ता था। अभी हाल ही में उसने बोर्ड की परीक्षा दी थी। शनिवार की शाम 5 बजे के करीब मनीष अपने चाचा चंद्रभान के लड़के 14 वर्षीय अंकित और 12 वर्षीय अजय को लेकर बाइक से किसी काम से लाहौरिया पुरा जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह हाईवे पर पहुंचा, किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

### ख्वाजा साहब की मस्तानी के नाम से मशहूर है विद्या देवी

# असम के प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर से विद्या देवी जियारत करने पहुँची अजमेर

हिंदू-मुस्लिम सद्भाव पर जोर देते हुए कहा, 'देश में हिंदू-मुस्लिम सभी को मिलजुलकर रहना चाहिए। भारत देश सभी धर्मों के लोगों का है। यहां के लोग एक साथ रहते हैं और एक-दूसरे के त्योहार मनाते हैं।'

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** ख्वाजा की मस्तानी के नाम से मशहूर विद्या देवी जो असम के प्रसिद्ध कामाख्या देवी मंदिर से जुड़ी हैं ,उन्होंने रविवार को एक बार फिर विश्व प्रसिद्ध हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की अजमेर दरगाह शरीफ में हाजिरी लगाई। गरीब नवाज के दरबार में गहरी आस्था रखने वाली विद्या देवी 2006 से लगातार अजमेर आ रही हैं। इस बार उन्होंने महखली चादर और चांदी का मुकट पेश कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की।



दरगाह के खादिम सैयद अहमद अली नियाज़ी ने विद्या देवी को ज़ियारत करवाई और उन्हें दरगाह शरीफ का तबर्रुक प्रदान किया। विद्या देवी को लोग ख्वाजा की जोगन, ख्वाजा की दीवानी और ख्वाजा की जोगन ,मस्तानी के नाम से भी पुकारते हैं।

उनकी यह यात्रा हिंदू-मुस्लिम एकता और सूफी संत के सार्वभौमिक संदेश का जीवंत प्रतीक है। इस मौके पर विद्या देवी ने अपनी भावुकता व्यक्त करते हुए बताया कि 2006 में जब वे पहली बार परिवार के साथ अजमेर आई थी तब उनकी गाड़ी खराब हो गई थी। उनके पास पैसे भी खत्म हो चुके थे लेकिन ख्वाजा गरीब नवाज के आशीर्वाद से वे मुंबई तक सुरक्षित पहुंच गई, उन्होंने कहा, 'इससे बड़ा कोई चमत्कार नहीं हो सकता था, तब से आज तक ख्वाजा साहब ने मुझे बहुत कुछ दिया है और दे रहे हैं।' उन्होंने इस चमत्कार को अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा करिश्मा बताया। विद्या देवी ने गरीब नवाज के दरबार में 1 हजार रोजेदारों के लिए इफ्तारी और लंगर का आयोजन भी किया ।

विद्या देवी ने कहा कि 'ये सब बाबा खुद करवाते हैं मैं सिर्फ माध्यम हूं ।' उनकी यह सेवा सूफी परंपरा की उदारता और गरीबों की मदद के संदेश को मजबूत करती है।

उन्होंने हिंदू-मुस्लिम सद्भाव पर जोर देते हुए कहा, 'देश में हिंदू-मुस्लिम सभी को मिलजुलकर रहना चाहिए। कुछ लोग अपनी राजनीति चलाने के लिए हिंदू-मुस्लिम करते हैं, लेकिन भारत देश सभी धर्मों के लोगों का है। यहां के लोग एक साथ रहते हैं और एक-दूसरे के त्योहार मनाते हैं।'

# दो आरोपी गिरफ्तार, अवैध शराब और बजरी जब्त

### अलग-अलग मामलों में बसई डांग और सदर थाना पुलिस की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी में सदर और बसई डांग थाना पुलिस ने अवैध शराब बिक्री और फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि अवैध चंबल बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त की गई। बजरी मामले में आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है और फरार आरोपी की तलाश जारी है।

सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया- गुरुवार शाम सूचना पर संत नगर रोड स्थित बामनी नदी के पास से मनोहर मीणा निवासी उमरेह को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 120 पव्वे देशी शराब और 460 रुपए नकद बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इस कार्रवाई में एएसआई कम्पोटर सिंह, रामनरेश, कॉन्स्टेबल अमर सिंह और सुमन प्रकाश का विशेष योगदान रहा।

बसई डांग थाना पुलिस ने अपनी दूसरी कार्रवाई में गांव टपुआ सायपुर से छह साल से फरार चल रहे आरोपी केशव पुत्र माधो सिंह गुर्जर को गिरफ्तार किया। एसएचओ दुर्गसिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज था और उसकी लंबे समय से तलाश की जा रही थी। उससे दर्ज मामले के संबंध में पूछताछ की जा रही है। एसएचओ ने ये भी बताया कि पुलिस ने सूचना पर बसई डांग के बिजली घर के पास से अवैध चंबल बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। हालांकि, इस दौरान आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और वन अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज किया है।

### बाड़ी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गैस की किल्लत के विरोध में गांधी पार्क में प्रदर्शन किया

# गैस किल्लत-कीमत बढ़ने पर कांग्रेस का प्रदर्शनः केंद्र सरकार को बताया जिम्मेदार, पीएम मोदी का पुतला जलाया

कांग्रेसियों ने केंद्र की मोदी सरकार को इन समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया और प्रधानमंत्री का पुतला जलाया

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** खाड़ी युद्ध के बाद घरेलू गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों और आमजन को समय पर सिलेंडर उपलब्ध न होने के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी रहे प्रशांत सिंह परमार ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक और विदेश नीति के कारण देश में ईंधन संकट पैदा हो गया है। उन्होंने इजरायल, अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के दौरान देश के हितों की रक्षा करने में भाजपा सरकार को विफल बताया, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है।



परमार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने आम जनता पर महंगाई का बोझ डालते हुए घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है साथ ही, आपूर्ति न मिलने के कारण गैस एजेंसियों पर लंबी लाइनें लग रही हैं और लोगों को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे महिलाओं को विशेष परेशानी हो रही है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामेंद्र मीणा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार पिछले 11 साल से आमजन को भटका रही है और जाति-धर्म के नाम पर वोट लेती है, जबकि उसे आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है।

### यह रहे मौजूद

विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद राजकुमार भारद्वाज, रामसेवक अजर, केशवचंद्र मीणा, युवा प्रदेश सचिव आर्यन राय, एल.एस. यादव, लज्जाराम कोली, हरि सिंह पहाड़िया, सैंपऊ नगर अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, भगवान सिंह जाटव, अनिल अरेला, मनीष मंगल, योगेश अग्रवाल, नईम खान, वैजयंती जाटव, सोनी खान, सीमा सिंह सिंगल, खेल प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष रामू कुशवाहा, गजेंद्र गोस्वामी, ध्रुव शुक्ला, पप्पू सोलंकी, सतीश कुशवाहा, सोनू दिवाकर, रजत शर्मा, प्रदीप कुशवाहा, डीके कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, महादेव मीणा, कृष्ण सिंह परमार, ऋषिपाल कंसाना, महेंद्र सिंह परमार, महावीर गौड़, कमल सिंह कुशवाहा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वस्तुओं को देखकर, परखकर, चखकर, सूंघकर बिना किसी लोभ लालच के ही लें : एडीएम

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित उत्पाद, आस्वस्थ उपभोक्ता थीम पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उपभोक्ता अधिकारों, टिकाऊ जीवनशैली और जागरूकता बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने उपभोक्ताओं से सोच-समझकर उपभोग करने की अपील की और कहा कि केवल दिखावे या प्रतिस्पर्धा में आकर अनावश्यक वस्तुएं खरीदने से बचें। उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसी घटना से घबराना नहीं चाहिए। बल्कि इसका दृढ़ता से सामना कर घटना की त्वरित व उचित शिकायत करनी चाहिए। वर्तमान में ऑनलाइन ठगी की घटना बढ़ गई है। इसलिए हमे किसी भी अनाधिकृत व अनचाही लिंक को खोलना व इसे किसी अन्य को भेजना नहीं चाहिए। हमको अपने सहज ज्ञान से तुलना करके वस्तुओं को देखकर, परखकर, चखकर, सूंघकर बिना किसी लोभ लालच के ही लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाजार से सामान लेते समय दुकानदार से मोलभाव करके ही सामान लेना चाहिए। वस्तु पर दर्ज अधिकतम खुदरा मूल्य से कम मूल्य पर ही सामान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों पर जोर देना होगा। कोल्ड ड्रिंक्स में उपस्थित अवयवों को देखकर ही उपयोग में लेना चाहिए।

भूतपूर्व प्रोफेसर राजकीय पीजी कॉलेज डॉ. नीलम सिंह ने कहा कि हर वर्ष हम 15 मार्च को उपभोक्ता दिवस मनाते है। वर्तमान में सभी उपभोक्ता ऑनलाइन शिकायत कर सकते है। प्रोडेक्ट भेजने वाला किसी भी जगह का हो यदि वह दोषी होता है तो उसे सजा अवश्य ही मिलेगी। विज्ञापन करने वाली कंपनी द्वारा यदि उसकी सूचना गलत पाई जाती है तो उसे गुमराह करने के जुर्म में सजा व जुर्माना दोनो का प्रावधान है।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत प्रांत महिला प्रमुख गीता सिंह ने कहा कि हम सभी को सामान लेने पर ब्राण्ड, मार्का, साईन आदि चीजों को देखकर सामान लेना चाहिए। हमे वस्तुओं के उपयोग के दौरान सुरक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, उचित मूल्य का अधिकार, चयन का अधिकार तथा शिकायत करने का अधिकार दिया गया है। समाज में सबसे अधिक महिला ग्राहक है। इसलिए महिलाओं को सजग रहकर ही वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए।

अध्यक्ष अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत बलबीर सिंह राना ने कहा कि वर्तमान में खाने की वस्तुओं में अधिक मिलावट हो रही है। इसके लिए सरकार द्वारा टीमे गठित कर मिलावट खारो के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही कर रही है। उन्होंने कहा कि दूध, मावा, पनीर व अन्य सामाग्री का हमे कम से कम उपयोग कर सुरक्षित सामान खरीदना चाहिए। जिससे अपनी सेहत से खिलवाड़ ना हो।

ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधि भगवतीप्रसाद शर्मा ने उपभोक्ता संरक्षण में ग्राहक पंचायतों की भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने के लिए इन पंचायतों का मजबूत होना आवश्यक है। उन्होंने उपभोक्ता कानूनों के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया ताकि लोग अपने अधिकारों से भली-भांति परिचित हो सकें। सामाजिक विकास फाउंडेशन के राकेश कुमार परमार ने कहा कि सरकार द्वारा उत्पादों को विभिन्न मानकों में बाटा गया है। सभी सामान भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित किए जाते है। इसलिए हमे मानको को देखकर ही सामान क्रय करना चाहिए। खाद्यय पदार्थ को एगमार्का चिन्ह देखकर ही उपयोग में लेना चाहिए। ऑनलाइन खरीदारी ऐप पर डार्क पैटर्न को शीघ्र बंद करने की कार्यवाही करने के लिए प्रयास किए जा रहे है।

संगोष्ठी के अंत में जिला रसद अधिकारी मणि खीचीं ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी, ग्राहक पंचायत के सदस्य, उपभोक्ता आदि उपस्थित रहे।

### महात्मा गांधी स्मारक पर उत्तर विधानसभा का मौन सत्याग्रह आज

# पीएम मोदी की नीतियों से देश में गैस संकट के हालात : राठौड़



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने शनिवार को अजमेर के प्रगति नगर कोटड़ा स्थित आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और यहां बैठक आयोजित कर सोमवार को महात्मा गांधी स्मारक पर घरेलू व कमर्शियल गैस संकट और महंगाई के मुद्दे को लेकर उत्तर विधानसभा की ओर से आयोजित होने वाले दो घंटे के मौन सत्याग्रह प्रदर्शन की रूपरेखा तय की और कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से चर्चा की। साथ ही धरने प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने की जिम्मेदारी तय की गई।

आरटीडीसी पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि अमेरिका, इजरायल व ईरान युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गलत विदेश नीति के कारण देश में तेल और गैस संकट के हालात बन गए है। इस वजह से आज देश की जनता सिलेंडर लेने के लिए लाइनों में खड़ी है और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी के कारण व्यवसायियों के धंधे चौपट हो गए। बावजूद इसके केंद्र की मोदी सरकार ने जनता को राहत देने के बजाय गैस की कीमतें बढ़ाकर उनको महंगाई के नीचे दबा दिया।

उन्होंने कहा कि हालात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के कारण देश आर्थिक संकट से गुजरने के मोड़ पर खड़ा है।

### बॉलीवुड गायिका भव्या पण्डित की सुरमयी शाम के साथ

# 'सृजन द स्पार्क-अपेक्स का अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न



सृजन करने वालों की मूर्तियां लगती है न कि आलोचकों की:शैलेष लोढ़ा

उदयपुर। संगीत, कला और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही अन्तर्राष्ट्रीय संस्था सृजन द स्पार्क का ग्लोबल सम्मेलन का आयोजन लोटस काउंटी रिसोर्ट में संपन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन प्रसिद्ध हास्य कवि एवं तारक मेहता फेम शैलेश लोढा ने किया।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए शैलेश लोढा ने कहा कि कला, संस्कृति और संगीत के क्षेत्र मे सृजन द स्पार्क अपने विभिन्न कार्यों के जरिये महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उभरते कलाकारों को ख्यातनाम कलाकारों के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देकर उन्हें प्रोत्साहित करती आयी है। सृजन करने वालों की मूर्तियां ही लगायी जाती है ना कि आलोचना करने वालों की, इतिहास इसका गवाह है।

अपने स्वागत उद्बोधन में संस्था के अपेक्स अध्यक्ष राजेश खमेसरा ने देश विदेश से आये सभी चेप्टर के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बताया कि मात्र 13 वर्ष की अपनी यात्रा में यूएसए,यूके,कनाडा के अलावा उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, झुंझुनूं , दिल्ली एनसीआर, अहमदाबाद, चेन्नई एवं हैदराबाद में हमारी संस्था के चैप्टर्स कार्यरत रह कर संगीत, कला एवं संस्कृति को आगे बढ़ा रहे है।

कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य अतिथियों के अलावा संस्था के पी.एस. तलेसरा, भूपेन्द्र श्रीमाली, ओ.पी. अग्रवाल, हिमांशु चैधरी आदि भी मौजूद रहे।

### महावीर जन्म कल्याणक पर सेवा का संकल्प

# श्री देवेंद्र धाम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आमजन हुए लभान्वित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर श्री देवेंद्र धाम ट्रस्ट एवं राजकीय आयुर्वेदिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में श्री देवेंद्र धाम प्रांगण में नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनमानस ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

शिविर का शुभारंभ उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, पूर्व महापौर एवं ट्रस्ट की कार्यकारी अध्यक्ष रजनी विरेंद्र डांगी तथा राजकीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अशोक कुमार शर्मा के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर प्रो. डॉ. किशोरी लाल शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व के बारे में जानकारी दी।

शिविर में मदनमोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर की विशेषज्ञ टीम द्वारा आमजन को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। साथ ही एक्यूपंक्चर, कपिंग थेरेपी, योग एवं प्राणायाम की जानकारी भी दी गई, जिसमें युवाओं ने विशेष रुचि दिखाई। इसके अलावा मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए काढ़ा वितरण तथा ब्लड शुगर एवं हीमोग्लोबिन जांच की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष प्रकाश झगड़ावत ने डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ का आभार व्यक्त किया। ट्रस्ट के सहमंत्री हिम्मत मेहता ने बताया कि शिविर में 151 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में श्री देवेंद्र धाम ट्रस्ट से गणेशलाल गोखरू, विजय सिंह छाजेड, सुरेश बडाला, रमेश जैन, राजेंद्र लोढ़ा, रविंद्र सियाल, संगीता वर्डिया एवं सुरेश चपलोत उपस्थित रहे।

# स्वच्छता अभियान के दावों की खुली पोल, कचरे के ढेर में भोजन तलाशते पशु

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** एक ओर जिला प्रशासन राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में पूरे जिले में स्वच्छता संकल्प और जागरूकता अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संदेश दे रहा है, वहीं दूसरी ओर शहर की सड़कों पर फैली गंदगी और कचरे के ढेर इन दावों की हकीकत बयां कर रहे हैं। बाजार क्षेत्र में जगह-जगह पड़े कचरे के बीच आवारा गायों और पशुओं का झुंड भोजन तलाशता नजर आ रहा है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

शनिवार को नगर पालिका पार्क कोटपूतली में जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी और अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण की मौजूदगी में स्वच्छता संकल्प एवं जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अधिकारियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया और नागरिकों से शहर को साफ-सुथरा रखने की अपील की।





शहर के बाजार क्षेत्र में कचरे के ढेर में भोजन तलाशते आवारा पशु, स्वच्छता अभियान के दावों की हकीकत बयां करते हुए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि आम लोगों की सक्रिय भागीदारी से ही स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सकता है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। शहर के प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जहां आवारा पशु प्लास्टिक और सड़ी-गली सामग्री खाने को मजबूर हैं। इससे न केवल शहर की सुंदरता पर दाग लग रहा है, बल्कि स्वास्थ्य और यातायात व्यवस्था के लिए भी खतरा पैदा हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित सफाई और कचरा उठान की व्यवस्था नहीं होने के कारण हालात बदतर होते जा रहे हैं।नगर परिषद कोटपूतली के आयुक्त अरुण शर्मा ने बताया कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 14 से 19 मार्च तक जिलेभर में स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत राजकीय कार्यालयों में सफाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, डस्टबिन वितरण, वेस्ट टू वेल्थ कार्यक्रम, सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान और शिक्षण संस्थानों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।स्वच्छता अभियान के दौरान नगर परिषद आयुक्त अरुण शर्मा, सचिव अभिषेक सैनी, राजस्व अधिकारी कृष्ण कुमार यादव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, नगर परिषद कर्मचारी और आमजन मौजूद रहे।

# परिवारों को धार्मिक शिक्षा एवं संस्कार के लिए गायत्री महायज्ञ का आयोजन



गायत्री महायज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु।

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** युग निर्माण एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को संस्कारित करने के उद्देश्य को लेकर वाटिका शक्ति पीठ के सानिध्य में यहां सलोनी ब्यूटी पार्लर के सामने स्थित मैदान में गायत्री महायज्ञ में गायत्री महामंत्र के साथ लोगों ने आहुतियां देते हुए परिवार की नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक संतोष खंडेलवाल एवं रामबाबू गुप्ता के अनुसार कार्यक्रम में 250 महिला पुरषों ने भाग लिया। बालकों को शिक्षा एवं संस्कार देने के लिए वाटिका शक्ति पीठ के मुख्य कार्यकर्ता शकुंतला चौधरी, रणवीर चौधरी एवं हरिद्वार से आएं मणिशंकर

चौधरी ने अपनी अहम भूमिका निभाई। अनेक बच्चों को गुरू दीक्षा संस्कार, विद्यारम्भ संस्कार सहित अन्य संस्कारों की दीक्षा दी गई। मणिशंकर चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि परमपूजनीय गुरुदेव एवं परम वंदनीय माताजी के प्राप्त प्रेरणा एवं आशीर्वाद से युग निर्माण व घर घर में भारतीय संस्कार देने के लिए लाखो कार्यकर्ता दिन-रात कार्यरत हैं। नई पीढ़ी को घर से ही संस्कारित करना हमारा दायित्व है। पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ में गायत्री महामंत्र के साथ आहुति देने के साथ ही सभी लोगों ने सामुहिक भोज के कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवानिवृत्त आयुर्वेद अधिकारी डॉ मोहनलाल शर्मा, सेवानिवृत्त सेना अधिकारी बलराम शर्मा, लालचंद सैनी, गोपाल गोस्वामी, निशा साहू,निर्मला सैन, ज्योति साहू, ममता कुमावत, रुक्मणी गुप्ता आदि ने दायित्व निभाया।

# दो साल से फरार चल रहे शराब तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दूदू पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के मामले में दो साल से फरार चल रहे अवैध शराब तस्करों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दोनो शराब तस्करों को बाड़मेर में दबिश देकर गिरफ्तार किया है। अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस चार अन्य आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है।

जयपुर ग्रामीण एसपी राशि डोगरा ने बताया कि दूदू थाना पुलिस ने 28 फरवरी 2024 को कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से पंजाब निर्मित 7872 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की थी। जब्त शराब की कीमत करीब 80 लाख रुपये आंकी गई थी। इस मामले में दूदू थाने में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।

पुलिस की कार्रवाई के दौरान ट्रक ड्राइवर, खलासी और अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस पहले ही आरोपी आशीफ अयुब, भंवराराम उर्फ पिंटू, मांगीलाल और प्रकाश ज्याणी को गिरफ्तार कर चुकी है। हालांकि ट्रक ड्राइवर सत्यप्रकाश उर्फ सतीश और खलासी मनोहर लाल घटना के बाद से लगातार फरार चल रहे थे और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई थी।

## केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का आक्रोश

# रैली निकालकर पीएम मोदी का पुतला फूंका

### 'रामनाम सत है - सत बोला गत है' और 'नरेन्द्र-सरेन्डर' जैसे लगे नारे

बढ़ता राजस्थान

**पावटा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी महाविरोध कार्यक्रम के तहत रविवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर के दिशानिर्देशन में पावटा कस्बे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। पावटा के सुभाष चौक स्थित केशव सागर धर्मशाला में पावटा व विराटनगर ब्लॉक कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में पहले बैठक आयोजित की गई।

इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक से मुख्य बाजार, होली चौक होते हुए घंटाघर के सामने से रामभवन तक रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रतीकात्मक पुतले की



शवयात्रा निकालते हुए 'रामनाम सत है - सत बोला गत है' और 'नरेन्द्र-सरेन्डर' जैसे नारे लगाते हुए पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ रोष जताया। कार्यक्रम पावटा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव और विराटनगर ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र रातावाल की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जबकि मंच संचालन युवा नेता ओपी बायला ने किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव के कारण देश में एलपीजी गैस की कमी, घरेलू गैस की कम आपूर्ति, बढ़ती कीमतें और कालाबाजारी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की विदेश नीति को इन परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार ठहराया।

ब्लॉक अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने कहा कि मौजूदा हालात में केंद्र की मोदी सरकार देश के हितों की रक्षा करने में विफल रही है, जिसके कारण ईंधन संकट की स्थिति बन रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में करीब 60 रुपये तक बढ़ोतरी की गई है, जिससे आमजन का घरेलू बजट प्रभावित हुआ है। वहीं महेंद्र रातावाल ने कहा कि देश में पहले से ही महंगाई लगातार बढ़ रही है। खाद्य पदार्थ, सब्जियां, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस जैसी आवश्यक वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। ओपी बायला ने कहा कि भाजपा ने एक समय सस्ती रसोई गैस देने का वादा किया था और राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने की घोषणा भी की थी, लेकिन आज तक आम जनता को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। संगठन महामंत्री अजय सैनी ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में सहकारिता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संतोष सैनी, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष जगदीश मीणा, अभाव अभियोग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामस्वरूप अधाना, राजीव गांधी पंचायत राज ब्लॉक अध्यक्ष रोहिताश बसेटिया, पावटा मंडल अध्यक्ष सुनील बिरला, छितोली प्रशासक शीशराम दायमा, अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष कैलाश वर्मा, खेलना मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश बाकोलिया, छापड़ा मंडल अध्यक्ष ग्यारसीलाल जाट, जिला पार्षद हरफुल कसाना, पूर्व सरपंच सागर मल, भगीरथ जांगिड़, डॉ. दुलीचंद रैगर, भागीरथ बुनकर, राजू यादव, मनोज टेपन, हरदान पोसवाल, रामकिशन सैनी, रिजवान कुरैशी, श्यामसुंदर शर्मा, मुरारीलाल सिंधु, रामसरण गुर्जर, जितेन्द्र यादव प्रागपुरा, नरेश बंसल, मालिराम बाडिगर, निशांत धनकड़, रवि सैन, विजय राठी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई और गैस आपूर्ति संकट को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आम जनता को राहत देने की मांग की।

# लाखनी में 4.49 करोड़ की लागत से बनने वाले नवीन विद्यालय भवन का शिलान्यास



बढ़ता राजस्थान

**रींगस।** उपखंड क्षेत्र के लाखनी गांव में रविवार को सेठ लक्ष्मी नारायण काबरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीन विद्यालय भवन का शिलान्यास किया गया। करीब 4.49 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह भवन क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंडेला विधायक सुभाष मील ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि नए विद्यालय भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को आधुनिक कक्षाएं, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक संसाधन मिलेंगे, जिससे उनकी शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए ऐसे विकास कार्य बेहद जरूरी हैं। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को मजबूत करने और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विद्यालय स्टाफ तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# फुलेरा के पूर्व चेयरमैन राजोरिया के पुत्र ने एक रुपया एवं नारियल लेकर रचाई यादगार शादी



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** स्थानीय पूर्व पालिकाध्यक्ष रतन राजोरिया के पुत्र हर्ष का आयोजित एक भव्य और यादगार विवाह समारोह उस समय चर्चा का विषय बन गया जब उन्होंने विवाह अत्यंत सादगीपूर्ण परंपरा के साथ सम्पन्न कर समाज को दहेज प्रथा के खिलाफ मजबूत संदेश दिया। भले ही विवाह समारोह शाही अंदाज में आयोजित किया गया। लेकिन विवाह की मूल भावना सादगी,संस्कार और सामाजिक जागरूकता से जुड़ी रही। फुलेरा की नरेना रोड़ स्थित संस्कृति पेराडाईज में आयोजित इस भव्य समारोह में हजारों लोगों ने शिरकत कर नवदम्पति हर्ष और निशा को आशीर्वाद दिया।

# कन्या महाविद्यालय में NSS शिविर और 'रन फॉर विकसित राजस्थान' का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के पाना देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्) की तीनों इकाइयों का एक दिवसीय शिविर महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर.पी. गुर्जर ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र और समाज के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने संतुलित व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भाव के महत्व पर विशेष जोर दिया।

शिविर के दौरान छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की तथा नशा मुक्ति का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्थानीय नशामुक्ति केंद्र के सहयोग से नशा मुक्ति से संबंधित जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और समाज को नशे से मुक्त बनाने के लिए जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया।

शिविर में तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जे.आर. गुर्जर, प्रो. प्रिया खंगरावत और प्रो. यामिनी यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने वर्ष भर में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रेड रिबन क्लब के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए भविष्य में भी अधिक उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. जे.आर. गुर्जर द्वारा किया गया।

इसी क्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने 'रन फॉर विकसित राजस्थान 2026' कार्यक्रम में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौड़ का शुभारंभ जिला कलेक्टर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया, जो एलबीएस ग्राउंड तक आयोजित हुई।

# प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति में 'सहकार सुपर बाजार' का होगा भव्य उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा।** दिल्ली-जयपुर राजमार्ग स्थित प्रागपुरा पुलिस थाना के सामने ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आगामी गुरूवार को सहकार सुपर बाजार (मार्ट) का भव्य उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर किसान सम्मेलन तथा शिलान्यास कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया है।

सहकारी समिति के चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि कार्यक्रम 19 मार्च 2026, गुरुवार को प्रातः 10 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री श्री 1008 श्री मंगलदास जी महाराज के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे तथा विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

इस अवसर पर नाबार्ड राजस्थान मुख्य महाप्रबंधक डॉ. रविबाबू, इफको के राजस्थान राज्य विपणन प्रबंधक पृथ्वीराज सिंह, कृभको राजस्थान राज्य विपणन प्रबंधक रणजीत सिंह राठौड़, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के निदेशक सुनील छापोला तथा जयपुर सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक प्रबन्ध निदेशक दिनेश शर्मा सहित कई अतिथि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति के रूप में गायक कलाकार हरिराम माहसी व संगीता यादव डांसर द्वारा भी प्रस्तुति दी जाएगी। इस आयोजन को लेकर ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा के पदाधिकारी, स्टाफ व ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समिति के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## जवाहर नगर व डीएसटी टीम की संयुक्त कार्रवाई

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

### चोरी की रॉय इंफिल्ड मोटर साइकिल समेंत वारदात के काम में ल गई स्कूटी बरामद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने डीएसटी पूर्व के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की रॉयल इंफिल्ड मोटर साइकिल बरामद करते हुए वारदात के काम में ली गई स्कूटी जब्त की है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अन्य वाहन चोरी और खरीदारों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन ने बताया कि गत 12 मार्च को परिवादी धर्मपाल ने मामला दर्ज कराया था की उसने अपनी रॉयल मोटरसाईकिल जवाहर नगर स्थित शांति पथ पर खड़ी की थी। कुछ देर बाद आकर देखा तो मोटरसाईकिल गायब मिली। मामला दर्ज होने के बाद डीएसटी टीम पूर्व ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद शातिर वाहन चोर आदित्य शर्मा (23) पुत्र लक्ष्मण प्रसाद, बंधबारेटा ,भरतपुर हाल किराएदार शिव कॉलोनी ,श्याम नगर निवासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल रॉयल इंफिल्ड व वाहन चोरी के काम में ली गई स्कूटी बरामद की है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अन्य वाहन चोरी और चोरी के वाहन खरीदने वालों के बारे में गहनता से

### ऐसे देता था वाहन चोरी की वारदात को अंजाम

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त स्वीगि में डिलेवरी बॉय का काम करता है और देर रात तक डिलेवरी देता है। आदित्य डिलेवरी देने के पश्चात ही देर रात रॉयल इंफिल्ड चोरी करके ले गया और वैशाली नगर में ले जाकर छुपा दिया और कैब से वापस घटना स्थल पर आया और स्कूटी लेकर अपने घर चला गया। पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त को बुलट मोटर साईकिल चलाने का शौक है। शौक पूरा करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

# शहर मे सिंगल यूज प्लास्टिक पर नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई

### 53 किलो प्लास्टिक कैरी बैग जब्त, 2750 रुपये का चालान

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत प्रदेशभर में चलाए जा रहे स्वच्छता सप्ताह के तहत नगर परिषद कोटपूतली प्रशासन ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया है।स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के आदेश क्रमांक 1866 दिनांक 12 मार्च 2026 के अनुसार राज्य में 14 मार्च से 19 मार्च तक स्वच्छता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर परिषद द्वारा रविवार को विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान राजस्व अधिकारी कृष्ण कुमार यादव, कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार तथा नगर परिषद के अन्य कर्मचारियों की टीम ने बाजार क्षेत्र में निरीक्षण कर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान विभिन्न दुकानों से 53 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग जब्त किए गए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यापारियों के खिलाफ 2750 रुपये का चालान भी काटा गया।नगर परिषद प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विक्रय और उपयोग के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।नगर परिषद ने आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है।

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का शुभारंभ

# विद्यार्थियों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चाकसू में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का शुभारंभ किया गया। इस कैंप के माध्यम से छात्रों को साइबर सिक्योरिटी एवं करियर गाइडेंस की जानकारी दी गई, भावी निर्माण समिति से रमा शर्मा ने साइबर बुलिंग,साइबर हैकिंग, ऑनलाइन



खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर सुरक्षा की जानकारी देते हुए बताया कि कभी भी कोई भी फोटो खींचने से पहले आपकी सहमति लेना अनिवार्य है। अंजान व्यक्ति को अपनी पहचान से संबंधित दस्तावेज या जानकारी नहीं देनी चाहिए। वर्तमान में सोशल मीडिया का जमाना है।सभी इसका बहुत अधिक उपयोग करते है और करना भी चाहिए।परंतु अपने फेसबुक, व्हाट्सप, लिंक्डइन, ट्विटर सोशल खाता का डबल सुरक्षा एवं मजबूत पासवर्ड एवं याद रखने योग्य होना चहिये। साइबर ठगी होने पर निःशुल्क साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर फोन कर या cyber-crime.gov.in रिपोर्ट दर्ज करा सकते है।

एवं संस्था सचिव गिरिराज प्रसाद शर्मा द्वारा वृक्षारोपण पेड़ो के महत्त्व एवं (साफ सफाई) स्वच्छता बालिकाओं से विस्तार से चर्चा कर पर्यावरण से संबंधित सवाल जवाब किये गये। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम दिवस में

बालिकाओं में उत्सुकता झलक रही थी। रीमार्केबल कैरियर काउंसलिंग संस्था की ओर से भावना सिंह ने छात्राओं की करियर काउंसलिंग की। कार्यक्रम प्रभारी इंदूका मीणा ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया। अंत में प्रधानाचार्य छाया अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# नौकरानी ने लगाई लाखो की चपत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जगतपुरापुरा इलाके में घर में काम करने वाली शातिर नौकरानी अपने ही मालिक को चुना लगाकर वहां से लाखों रुपयों के सोने-चांदी के गहने और हजारों रुपयों की नकदी लेकर फरार हो गई। चोरी की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने मालवीय नगर थाने पहुंच नौकरानी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर आरोपी महिला की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि जगतपुरा के पामकोर्ट कॉलोनी निवासी सोनिया उप्रेती (62) ने मामला दर्ज करवाया है की करीब एक महीने पहले उन्होंने घरेलू कामकाज के लिए उन्होने नौकरानी रखी थी। 19 फरवरी को उसे कुछ कपड़े व्यवस्थित करने के लिए दिए गए थे।

## सम्पादकीय

# मुनाफाखोरी की बीमारी, दुस्साहस में नहीं आई कोई कमी

अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध से ऊर्जा संकट के कारण देश में रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी बढ़ गई है। आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू होने के बावजूद, प्रभावशाली लोगों और अधिकारियों की मिलीभगत से यह जारी है।

इस पर तनिक भी आश्चर्य नहीं कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के चलते ऊर्जा आपूर्ति का संकट उभरते ही देश में रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी शुरू हो गई। यद्यपि सरकार ने इसे रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया, पर लगता नहीं कि इससे जमाखोरों और मुनाफाखोरों के दुस्साहस में कोई कमी आई है। इसका प्रमाण यह है कि उनके खिलाफ छापेमारी के दौरान कई शहरों में रसोई गैस सिलिंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले पकड़े गए।

कई ने दर्जनों रसोई गैस सिलिंडर चोरी-छिपे जमा कर रखे थे। इनमें कुछ नेता और अन्य प्रभावशाली लोग भी हैं। इसी तरह उन मुनाफाखोरों की गिनती करना भी कठिन है, जो महंगे दामों पर रसोई गैस सिलिंडर बेच रहे थे। ऐसे तत्वों की सक्रियता का एक कारण संबंधित अधिकारियों और पुलिस की मिलीभगत भी होती है। वे भी बहती गंगा में हाथ धोने लगते हैं और इस तरह आम जनता एवं सरकार का संकट बढ़ाते हैं।



अपने देश में किसी भी संकट के समय आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी बहुत आम है। कोविड महामारी के समय जब सारा देश संकट में था, तब भी कुछ दवाओं के साथ कई आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी देखने को मिली थी। यह भी किसी से छिपा नहीं कि अपने यहां कभी प्याज, कभी उर्वरकों तो कभी किसी अन्य वस्तु की जमाखोरी होने लगती है। इसका मकसद मुनाफाखोरी करना ही होता है।

ऐसा लगता है कि कुछ लोग सदैव इसकी ताक में रहते हैं कि कब किसी वस्तु के उत्पादन अथवा उसकी आपूर्ति में कमी के आसार दिखें तो वे खुद को जमाखोर में तब्दील कर मुनाफाखोरी करें। आपदा को अपना धंधा बनाने वाले ऐसे लोग सभ्य समाज के शत्रु ही कहे जाएंगे। चूंकि नैतिकता और सदाचार की कमी के चलते जमाखोरी और कालाबाजारी एक सामाजिक बुराई का रूप ले चुकी है, इसलिए आवश्यक केवल यह नहीं कि रसोई गैस सिलिंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी कर रहे लोगों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जाए, बल्कि यह भी है कि उन्हें कठोर दंड का भागीदार बनाया जाए।

आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर जुर्माना लगाने के साथ उन्हें तीन महीने से लेकर सात वर्ष तक की सजा देने का प्रविधान है, लेकिन आखिर कितने ऐसे मुनाफाखोर हैं, जिन्हें सात वर्ष की सजा मिलती है? अधिकतर तो येन-केन-प्रकारेण बिना किसी दंड के छूट जाते हैं या फिर मामूली जुर्माना देकर बच निकलते हैं।

उचित यह होगा कि ऐसे लोगों को ऐसी कठोर सजा दी जाए, जो नजीर बने। गंभीर मामलों में जमाखोरों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के साथ ही उनकी संपत्ति भी जब्त की जानी चाहिए। इससे ही मुनाफाखोरों के होश ठिकाने आएंगे और वे जमाखोरी से बाज आएंगे।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 16 मार्च की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- 1998 – चीनी राष्ट्रपति जियांग जेमिन अगले कार्यकाल के लिए पुन: राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1999 – फैंटम जैसे हास्य चरित्र के जनक लियोन ली फ़ाक का निधन।
- 2003 – ग्रीन स्मिथ दक्षिण अफ़्रीका के क्रिकेट कप्तान बने।
- 2004 – रूस में नौ मंजिला इमारत में विस्फोट, 21 मरे। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव कोफ़ी अन्नान ने सुपाचयी पानिचपकड़ी को अंकटाड का नया अध्यक्ष नामांकित किया।
- 2006 – चुनाव के तीन महिने बाद ईराक की नयी संसद ने शपथ ग्रहण की।
- 2007 – एक ओवर में छह छक्के लगाकर दक्षिण अफ़्रीका के हर्शेल गिब्स ने विश्व रिकार्ड बनाया।
- 2008 – मुद्रास्फीति विगत नौ महीने के उच्चतम स्तर 5.11 फ़ीसदी पर पहुँची। परवेज मुशर्रफ़ ने पाकिस्तान में सज़ा-ए-मौत पा चुके भारतीय नागरिक सबरजीत सिंह के डेथ वारंट पर दस्तखत किये। वेन जियावाओ को दुबारा चीन का प्रधानमंत्री चुना गया।
- 2009 – विदेश मंत्रालय में विशेष सचिव सरत सब्बरवाल पाक में भारत के नये उच्चायुक्त नियुक्त हुए। शिवालिक वर्ग के तीन स्टाल्थ फ्रिगेटो में अमेरिकी इंजनों को लगाने पर अमेरिकी प्रशासन ने रोक लगाई।

### 16 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1958 – बिपिन रावत – भारत के प्रथम 'चीफ़ ऑफ़ डिफ़ेंस स्टाफ़' थे।
- 1956 – तनुश्री शंकर – भारतीय शास्त्रीय नर्तकी हैं।
- 1938 – अली मानिकफ़ान – भारतीय समुद्री शोधकर्ता, इकोलॉजिस्ट और शिपबिल्डर हैं।
- 1693 – मल्हारराव होल्कर – इंदौर के होल्कर वंश का प्रवर्तक थे।
- 1901 – पोट्टि श्रीरामुलु – गाँधी जी के अनुयायी स्वतन्त्रता सेनानी थे।
- 1901 – पी. बी. गजेन्द्रगडकर – भारत के भूतपूर्व सातवें मुख्य न्यायाधीश थे।
- 1906 – अम्बिका प्रसाद दिव्य – भारत के जाने-माने शिक्षाविद और हिन्दी साहित्यकार।
- 1916 – दयाकिशन सप्रू – हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध खलनायक तथा फ़िल्म निर्माता थे।

### 16 मार्च को हुए निधन

- 1990 – विट्ठल सखाराम पागे – भारत के जाने-माने स्वतन्त्रता सेनानी और कुशल राजनीतिज्ञ थे।
- 1963 – एम. पी. शास्त्री – भारत के भूतपूर्व दूसरे मुख्य न्यायाधीश थे।
- 1957 – पी. एस. कुमारस्वामी राजा – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे।
- 1947 – अयोध्यासिंह उपाध्याय – प्रसिद्ध कवि, साहित्यकार
- 1955 – विजयानन्द त्रिपाठी – प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार।

## विशेष आलेख

# भविष्य की दुनिया में सादगी का आखरी ठिकाना



प्रो. आरके जैन



भविष्य की कल्पना करते ही एक ऐसी दुनिया सामने आती है जहाँ जीवन का लगभग हर पहलू इंटरनेट से जुड़ा होगा। घर, सड़कें, स्कूल और अस्पताल—सब कुछ डिजिटल नेटवर्क के सहारे चलेगा। मनुष्य का दैनिक जीवन मानो एक विशाल स्क्रीन में सिमटता जाता दिखेगा। लेकिन इसी तेज़ और तकनीक से भरे भविष्य के बीच एक ऐसा गाँव भी होगा जो इस डिजिटल लहर से थोड़ी दूरी बनाए खड़ा होगा। यह गाँव इंटरनेट के बिना भी उतना ही जीवंत और सक्रिय रहेगा। यहाँ तकनीक की कमी को अभाव नहीं, बल्कि एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय माना जाएगा। यह स्थान आधुनिक सभ्यता के बीच एक शांत द्वीप जैसा होगा, जहाँ मनुष्य अपने मूल स्वभाव के करीब लौटकर जीवन को बिना कृत्रिम शोर के सच्चाई से महसूस कर सकेगा।

इस गाँव की सुबह आधुनिक शहरों से बिल्कुल अलग होगी। यहाँ दिन की शुरुआत मोबाइल अलार्म या सोशल मीडिया के नोटिफिकेशन से नहीं, बल्कि प्रकृति के सहज संगीत से होगी। सूरज की पहली किरण खेतों पर पड़ते ही धरती की नमी से उठती सुगंध वातावरण को भर देगी। पक्षियों की चहचहाहट लोगों को जगाएगी और ठंडी हवा दिन का स्वागत करेगी। लोग जागते ही किसी स्क्रीन की ओर नहीं झुकेंगे, बल्कि खुले आकाश को निहारेंगे। किसान मौसम का हाल किसी डिजिटल ऐप से नहीं, बल्कि बादलों की चाल, हवा की दिशा और मिट्टी के स्पर्श से समझेंगे। बच्चों की सुबह भी अलग होगी; वे स्कूल जाते समय रास्ते में खेलते हुए, पेड़ों की छाया में हँसते हुए आगे बढ़ेंगे। उनके हाथों में मोबाइल नहीं, बल्कि किताबें, कापियाँ और अनगिनत जिज्ञासाएँ होंगी।

इस गाँव का सामाजिक जीवन मानवीय संवाद की सच्ची गर्माहट से भरा होगा। यहाँ बातचीत किसी चैट विंडो में टाइप किए गए शब्दों से नहीं, बल्कि आमने-सामने की मुस्कान और आँखों की चमक से होगी। शाम ढलते ही लोग अपने-अपने काम से लौटकर चौपाल या आँगन में एकत्रित होंगे। वहाँ दिन भर की घटनाएँ साझा की जाएँगी, हँसी-मजाक होगा और कभी-कभी गंभीर चर्चा भी। बुज़ुर्गों का अनुभव इस समाज की सबसे बड़ी धरोहर होगा। बच्चे उनके पास बैठकर लोककथाएँ सुनेंगे, जीवन के छोटे-छोटे सूत्र सीखेंगे और अपने अतीत से जुड़ाव महसूस करेंगे। यहाँ ज्ञान किसी सर्वर में बंद नहीं होगा, बल्कि लोगों की स्मृतियों, अनुभवों और परंपराओं में जीवित रहेगा।

आर्थिक दृष्टि से भी यह गाँव आत्मनिर्भरता की मिसाल बनेगा। इंटरनेट के अभाव में यहाँ ऑनलाइन बाज़ार नहीं होगा, लेकिन स्थानीय कारीगरों और किसानों की मेहनत से गाँव की ज़रूरतें पूरी होंगी। कुम्हार के चाक पर घूमती मिट्टी से सुंदर बर्तन बनेंगे, बुनकर के करघे से रंगीन कपड़े निकलेंगे और किसान की मेहनत से खेतों में अन्न की हरियाली लहराएगी। लोग अपने आसपास के लोगों से वस्तुएँ खरीदेंगे और इस लेन-देन में केवल पैसा ही नहीं, बल्कि विश्वास और अपनापन भी शामिल होगा। इस तरह यह गाँव एक ऐसे आर्थिक ढाँचे को जन्म देगा जहाँ स्थानीयता और सहयोग सबसे बड़े मूल्य होंगे।

प्रकृति इस गाँव के जीवन का केंद्र होगी। जब लोग स्क्रीन की कृत्रिम रोशनी से दूर होंगे, तब उन्हें प्रकृति की सूक्ष्म सुंदरता को देखने का समय मिलेगा। वे रात के आकाश में तारों की अनगिनत कतारों को पहचानेंगे और चाँद के बदलते आकार में समय का प्रवाह महसूस करेंगे। नदी का शांत बहाव उन्हें धैर्य और निरंतरता का पाठ पढ़ाएगा, जबकि पेड़ों की छाया उन्हें संतुलन और शांति का महत्व समझाएगी। यहाँ प्रकृति केवल देखने की चीज़ नहीं होगी, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शिक्षक होगी। इंटरनेट की अनुपस्थिति में भी ज्ञान का प्रकाश कम नहीं होगा, क्योंकि प्रकृति स्वयं एक विशाल पुस्तक की तरह सबके सामने खुली होगी।

इस गाँव का सांस्कृतिक जीवन भी अत्यंत समृद्ध होगा। यहाँ त्योहार केवल औपचारिक आयोजन नहीं होंगे, बल्कि सामूहिक उल्लास और परंपरा का जीवंत रूप होंगे। जब किसी घर में शादी होगी तो पूरा गाँव उसकी तैयारी में शामिल होगा। मेलों और उत्सवों में लोकगीत गूँजेंगे, नृत्य होगा और लोगों के बीच आपसी स्नेह का वातावरण बनेगा। यहाँ मनोरंजन किसी स्क्रीन पर चलने वाले कार्यक्रमों से नहीं, बल्कि सामूहिक अनुभवों से मिलेगा। लोग मिलकर गाएँगे, कहानियाँ सुनाएँगे और जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का आनंद लेंगे। इस वातावरण में अकेलापन कम होगा, क्योंकि हर व्यक्ति खुद को समुदाय का अभिन्न हिस्सा महसूस करेगा।

फिर भी यह गाँव अज्ञान या पिछड़ेपन का प्रतीक नहीं होगा। यहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की महत्ता को पूरी तरह समझा जाएगा। लोग नई खोजों और विचारों के प्रति खुले रहेंगे, लेकिन वे यह भी समझेंगे कि तकनीक का उद्देश्य जीवन को सरल बनाना है, उसे नियंत्रित करना नहीं। इसलिए इस गाँव के लोग अपने जीवन में एक संतुलन बनाए रखेंगे। वे यह स्वीकार करेंगे कि इंटरनेट एक उपयोगी साधन हो सकता है, परंतु जब वही साधन मनुष्य के समय, ध्यान और मानसिक शांति को छीनने लगे, तब उससे दूरी बनाना भी बुद्धिमानी है।

जब पूरी दुनिया तेज़ तकनीक और इंटरनेट के जाल में उलझी होगी, तब कहीं एक ऐसा गाँव भी होगा जो इस डिजिटल बंधन से मुक्त रहेगा। यह विचार हमें गहराई से सोचने के लिए प्रेरित करता है कि प्रगति का वास्तविक अर्थ क्या है। क्या विकास केवल उन्नत तकनीक और हर पल जुड़े रहने वाली आभासी दुनिया में ही सीमित है, या वह जीवन भी उतना ही मूल्यवान है जिसमें मनुष्य अपने रिश्तों, संवेदनाओं और प्रकृति से गहराई से जुड़ा रहता है। ऐसा गाँव यह संदेश देगा कि आगे बढ़ने का अर्थ अपनी सरलता और मानवीय मूल्यों को खो देना नहीं है। इंटरनेट के बिना भी यह स्थान सिद्ध करेगा कि जीवन की सच्ची शक्ति आज भी मनुष्य के हृदय, उसकी करुणा और आपसी विश्वास में ही निहित है।

# समय-चेतना की वैज्ञानिक संरचना पर आधारित है भारतीय पंचांग



प्रो सुरेश कुमार अग्रवाल

समय केवल घड़ी की सुइयों का अनुशासन नहीं है; वह ब्रह्मांडीय गति का जीवंत प्रतिबिंब है। मनुष्य ने जब से आकाश की ओर देखा है, तभी से उसने सूर्य की यात्रा, चन्द्रमा की कलाओं और नक्षत्रों की नि:शब्द गति में समय का रहस्य पढ़ना आरम्भ किया। यही प्रयास आगे चलकर कैलेंडर और पंचांग जैसी समय-गणना प्रणालियों के रूप में विकसित हुआ। आज विश्व-समाज जिस ग्रेगोरियन कैलेंडर को समय-निर्धारण का सार्वभौमिक मानक मानता है, वह मुख्यत: प्रशासनिक सुविधा और ऐतिहासिक संशोधनों का परिणाम है; किन्तु भारतीय परंपरा में विकसित पंचांग समय को केवल तिथियों के क्रम में नहीं, बल्कि खगोलीय लयों के वैज्ञानिक सामंजस्य में समझने का प्रयास है।

पंचांग समय का बहुआयामी विज्ञान है। सामान्यत: प्रचलित कैलेंडर जहाँ केवल दिनांक और वार की सूचना देता है, वहीं भारतीय पंचांग पाँच मूलभूत अंगों पर आधारित है—तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण। इन्हीं पाँच तत्वों के कारण इसे 'पंचांग' कहा गया। यह केवल तिथियों की सूची नहीं, बल्कि सूर्य और चन्द्रमा के सापेक्षिक स्थान, नक्षत्रीय विभाजन, ग्रह-स्थितियों और काल-खंडों की सूक्ष्म खगोलीय गणना का जीवंत दस्तावेज है।

भारतीय खगोल-चिंतन में आकाश को 27 नक्षत्रों में विभाजित किया गया है। चन्द्रमा लगभग 27.3 दिनों में पृथ्वी की परिक्रमा करता है, और इसी गति के आधार पर आकाशीय पथ को नक्षत्रों में बाँटा गया है। प्रत्येक नक्षत्र लगभग 13ए20' का विस्तार लिए हुए है—जो गणितीय सटीकता का परिचायक है। तिथि सूर्य और चन्द्रमा के कोणीय अंतर पर आधारित है। जब दोनों एक ही देशांतर पर होते हैं तो अमावस्या, और जब 180ए के अंतर पर होते हैं तो पूर्णिमा होती है। 360ए को 30 भागों में विभाजित करने पर प्रत्येक 12ए के अंतर से एक तिथि निर्मित होती है।

सूर्य एवं चन्द्रमा के संयुक्त अंशों से 27 योग निर्मित होते हैं, जबकि तिथि के आधे भाग को करण कहा जाता है। एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक का काल 'वार' कहलाता है—जो पृथ्वी की वास्तविक गति पर आधारित है। सप्ताह में सात दिन होने का वैज्ञानिक आधार है। भारतीय परंपरा में समय-गणना नौ ग्रहों पर आधारित है—सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु। राहु-केतु छाया ग्रह माने गए हैं, इसलिए मुख्य सात ग्रहों के आधार पर सप्ताह के सात दिन निर्धारित किए गए। दिन-रात को मिलाकर 'अहोरात्र' कहा गया, जिसे 24 'होरा' में विभाजित किया गया। 'अहो' और 'रात्रि' के संयोग से 'होरा' शब्द बना। ग्रहों के होरा-क्रम के आधार पर ही वारों का नामकरण हुआ—प्रथम होरा जिस ग्रह का, उस दिन का नाम उसी पर आधारित। इस प्रकार रविवार, सोमवार, मंगलवार आदि की संरचना खगोलीय गणना का परिणाम है, न कि केवल सांस्कृतिक परंपरा का।

वर्ष में बारह महीने का आधार भी वैज्ञानिक है। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा लगभग 365.25 दिनों में करती है, जबकि चन्द्रमा पृथ्वी की लगभग 12 परिक्रमाएँ करता है। यही कारण है कि वर्ष में 12 महीनों की व्यवस्था की गई। भारतीय पंचांग में सौर वर्ष सूर्य की गति पर एवं चन्द्र वर्ष चन्द्रमा की गति पर आधारित है। चन्द्र वर्ष लगभग 354 दिन का होता है, जो सौर वर्ष से लगभग 11 दिन कम है। इस अंतर को संतुलित करने हेतु प्रत्येक तीन वर्ष में 'अधिक मास' जोड़ा जाता है। यह खगोलीय विसंगति के वैज्ञानिक समाधान का अद्भुत उदाहरण है।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### बेटी

'छुट्टी की बड़ी समस्या है दीदी, पापा अस्पताल में नर्सों के सहारे हैं!' भाई से फोन वार्ता समाप्त होते ही सुमी तुरन्त अटैची तैयार कर बनारस से दिल्ली चल दी। अस्पताल पहुँचते ही देखा कि पापा बेहोशी के हालत में बड़बड़ा रहे थे। उसने झट से उनका हाथ अपने हाथों में लेकर, एहसास दिला दिया कि कोई है, उनका अपना। हाथ का स्पर्श पाकर जैसे उनके मृतप्राय शरीर में जान-सी आ गयी हो। वार्तालाप घर-परिवार से शुरू होकर न जाने कब जीवन बिताने के मुद्दे पर आकर अटक गयी। एक अनुभवी स्वर प्रश्न बन उभरा, तो दूसरा अनुभवी स्वर उत्तर बन बोल उठा— 'पापा, पहला पड़ाव आपके अनुभवी हाथ को पकड़ के बीत गया। दूसरा पति के ताकतवर हाथों को पकड़ बीता और तीसरा बेटों के मजबूत हाथों में बीत गया।'

'चौथा ...! वह कैसे बीतेगा, कुछ सोचा? वही तो बीतना कठिन होता है बिटिया।'

'चौथा आपकी तरह!'

'मेरी तरह! ऐसे बीमार, नि:सहाय!'

'नहीं पापा, आपकी तरह अपनी बिटिया के शक्तिशाली हाथों को पकड़, मैं भी चौथा पड़ाव पार कर लूँगी।'

'मेरा शक्तिशाली हाथ तो मेरे पास है, पर तेरा किधर है?' पिता ने मुस्कुराकर पूछा।

'नानाजी...' तभी अंशु का सुरीला स्वर उनके कानों में पड़ा जो पूरे कमरे को संगीतमय कर गया।

## हेल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# बॉडी डिटॉक्स के लिए इन चीजों का करें सेवन

कोई भी त्योहार खुशियों और स्वादिष्ट पकवानों से भरा होता है। इस खास मौके पर घरों में कई तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। लोग इस दिन जमकर खाते-पीते हैं और खूब मौज-मस्ती करते हैं। हालांकि, त्योहारों के दौरान अक्सर हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, जिसका सीधा असर हमारे पाचन तंत्र पर पड़ता है। इन पकवानों में बहुत घी, तेल और चीनी होती है, जो पाचन पर भारी पड़ सकता है। ऐसे में, त्योहार के बाद शरीर को हल्का महसूस करने के लिए डिटॉक्स करना जरूरी हो जाता है। अगर आपने भी होली पर ज्यादा खा लिया है, तो कुछ आसान उपाय अपनाकर शरीर को डिटॉक्स कर सकते हैं। तो आइए, जानते हैं डाइट्रीफिट की डायटीशियन अबर्ना माथीवानन से जानते हैं होली के बाद



शरीर को डिटॉक्स कैसे करें –

**पानी ज्यादा पिएं:** शरीर को डिटॉक्स करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सबसे जरूरी है। पानी शरीर से हानिकारक तत्वों और टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसलिए रोजाना कम से कम 8-10 गिलास पानी पीने की आदत डालें। इसके अलावा, आप नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने के साथ डिटॉक्स प्रक्रिया को भी बेहतर बनाता है।

**डिटॉक्स ड्रिंक्स पिएं:** होली के बाद शरीर को डिटॉक्स करने के लिए आप होममेड डिटॉक्स ड्रिंक्स भी पी सकते हैं। आप खीरा, पुदीना और नींबू की डिटॉक्स ड्रिंक बनाकर पी सकते हैं। इसके लिए आप एक जार में पानी डालें। इसमें खीरे, पुदीने और नींबू के टुकड़े डालें। इस पानी को रातभर ऐसे ही छोड़ दें और सुबह पानी को छानकर इसका सेवन करें। इस डिटॉक्स ड्रिंक का सेवन करने से शरीर में जमा सारी गंदगी और विषाक्त पदार्थ आसानी से बाहर निकल जाते हैं।

**हल्का भोजन करें:** होली के बाद कुछ दिनों तक भारी और तला हुआ भोजन न खाएं। इसके बजाय हल्का और घर का बना भोजन जैसे सूप, खिचड़ी, दाल-चावल और उबली हुई सब्जियां खाएं। इससे पाचन तंत्र को आराम मिलेगा और आंतों को साफ होने में भी मदद मिलती है।

**व्यायाम और योग करें:** होली के बाद बॉडी डिटॉक्स करने के लिए व्यायाम या योग करें। हल्की-फुल्की एक्सरसाइज या योगाभ्यास करने से न केवल शरीर की मांसपेशियां सक्रिय रहती हैं, बल्कि यह पाचन क्रिया को भी सुधारता है। इससे शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं और ताजगी बनी रहती है।

**ग्रीन टी का सेवन करें:** बॉडी को शरीर करने के लिए आप ग्रीन टी का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

मेष राशि वालों के चारों ओर आज का वातावरण काफी खुशनुमा रहेगा और कोई सुखद समाचार सुनने को मिल सकता है, जिससे आपका आत्मविश्वास और मजबूत होगा। संतान की पढ़ाई से जुड़ी जो परेशानियां कुछ समय से चल रही थीं, उन्हें आप बातचीत और समझदारी से सुलझाने की कोशिश करेंगे। हालांकि अपनी सेहत को लेकर थोड़ा सतर्क रहना जरूरी रहेगा।

### वृष

आज का दिन सुखद अनुभव देने वाला रहेगा। जो लोग रोजगार को लेकर परेशान चल रहे थे, उन्हें कोई अच्छा अवसर मिल सकता है।किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करके धन उधार देना आपके लिए परेशानी खड़ी देगा।

### मिथुन

आज आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी। पैसों से जुड़े किसी भी निर्णय को सोच-समझकर लेना बेहतर रहेगा और यदि धन उधार लेने की नौबत आए तो भी बहुत सोच-विचार के बाद ही कदम उठाएं।

### कर्क

कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहने की संभावना है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी को नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने की संभावना भी बन सकती है।

### सिंह

सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन मान-सम्मान में वृद्धि का संकेत दे रहा है। समाज और कार्यक्षेत्र दोनों जगह आपकी प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। हालांकि कोई बड़ी डील अंतिम समय में अटक सकती है।

### कन्या

आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। जीवनसाथी का साथ और सहयोग आपको मानसिक मजबूती देगा। संतान के भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है, लेकिन सही दिशा में प्रयास करने से सब ठीक हो जाएगा।

### तुला

तुला राशि वालों के लिए आज का दिन लंबे समय से अटके हुए कामों को पूरा करने का अवसर लेकर आएगा। पेट से जुड़ी किसी समस्या को लेकर लापरवाही न करें और जल्दबाजी से बचें।

### वृश्चिक

वृश्चिक राशि वालों को आज आर्थिक मामलों पर खास ध्यान देने की जरूरत है। बढ़ते खर्चों को संतुलित रखने के लिए योजना बनाकर चलना जरूरी होगा। आप अपने शौक और सुविधाओं पर अच्छा खर्च कर सकते हैं।

### धनु

धनु राशि के लिए आज का दिन संयम और धैर्य के साथ आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। किसी भी काम में जल्दबाजी दिखाने से बचना जरूरी होगा। पिताजी की सलाह आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है।

### मकर

आज का दिन महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। आप अपनी बुद्धिमत्ता और समझदारी से कुछ नए निर्णय लेकर नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। अपनी आवश्यकताओं और जिम्मेदारियों पर ध्यान देना जरूरी होगा।

### कुंभ

आज का दिन निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करने वाला रहेगा। अपने फैसलों के बल पर कई कामों में सफलता हासिल कर सकते हैं। परिवार के भीतर चल रही किसी उलझन को भी आप मिल-बैठकर सुलझाने में सफल हो सकते हैं।

### मीन

मीन राशि वालों को आज अपनी सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि कोई समस्या महसूस हो तो उसे नजरअंदाज न करें। कोई व्यक्ति आपको बहलाने-फुसलाने की कोशिश कर सकता है, जिससे नुकसान होने की संभावना है।

# गर्मी से पहले जल आपूर्ति को लेकर सख्त निर्देश

## जलदाय मंत्री ने अधिकारियों की बैठक ली

बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** आगामी गर्मी को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर पेयजल व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक सूरजपुरा फिल्टर प्लांट पर आयोजित की गई जिसमें जल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने और पानी की कमी को रोकने के उपायों पर चर्चा की गई।बैठक में गर्मी की भयावहता को देखते हुए



संभाग क्षेत्र सहित बीसलपुर पेयजल परियोजना से जुड़े सभी शहरों, कस्बों और गांवों में पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से किए जाने के सख्त निर्देश दिए वहीं लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

आगामी गर्मियों के मौसम को लेकर पीएचडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने अपने विभाग के सभी अधिकारियों के साथ गर्मी में पानी की कमी को कम करने व पानी की आपूर्ति सुचारू रखने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर जल पहुंचाने के लक्ष्य को समय पर पूरा किया जाए उन्होंने कहा कि आमजन को पर्याप्त और नियमित पानी मिलाना सरकार की प्राथमिकता है इसलिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं जो भी व्यक्ति पेयजल के पानी की चोरी करें उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई करने का अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संभाग ही नहीं बल्कि प्रदेश में पेयजल की किल्लत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि समय रहते और समय-समय पर पाइप लाइन की मरम्मत और रख रखाव किए जाने की आवश्यकता हो तो पहले से ही युद्ध स्तर पर कार्य कर सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। पीएचईडी मंत्री चौधरी ने कहा कि बीसलपुर बांध में पानी की कोई कमी नहीं है, इसी को देखते हुए संभाग के सभी शहरों, कस्बों और गांवों में पेयजल आपूर्ति नियमित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही किसी भी तरह की कौताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सम्बन्धित कार्मिक चाहे अधिकारी हो या नीचे लेवल का उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी अधिकारियों से सुझाव भी लिए गए। बैठक में कृषि उपज मण्डी चैयरमेन महावीर धाकड़, पूर्व डीआर रामचंद्र गुर्जर, चीफ इंजीनियर देवराज सोलंकी, एडिशनल चीफ इंजिनियर अजय सिंह राठौड़, अधीक्षण अभियंता भुवनेश्वर अग्निहोत्री सुधीर वर्मा, ईई रविन्द्र मीणा, योगेन्द्र कुमार, मनीष बंसल सहित सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहें।

# अवैध भंडारण पर कार्रवाई, 10 गैस सिलेंडरों की जब्ती



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है तथा आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले के अस्पतालों, अन्नपूर्णा रसोईयों, छात्रावासों एवं स्कूलों में मिड-डे-मील के लिए गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है।

जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक दुरुपयोग, अवैध भंडारण एवं अवैध रिफिलिंग की रोकथाम के लिए जिला कलक्टर के निर्देशानुसार प्रवर्तन कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 10 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र में मैसर्स विमल कुमार के मकान/गोदाम से 7 सिलेंडर, सुभान नेशनल ढाबा से 1 सिलेंडर तथा जे.के. मिष्ठान भंडार से 2 सिलेंडर जब्त किए गए। संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा गैस सिलेंडरों के अनाधिकृत भंडारण एवं निर्धारित नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदान और वितरण का विनियमन) आदेश 2000 के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि घरेलू एलपीजी के अवैध भंडारण, व्यवसायिक दुरुपयोग एवं अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस बुकिंग में देरी होने पर घबराएं नहीं, क्योंकि जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। उपभोक्ता अनावश्यक पैनिक बुकिंग से बचें तथा घरेलू सिलेंडरों का भंडारण न करें। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक संदेशों पर ध्यान न देने की भी अपील की गई है।

घरेलू गैस सिलेंडर वितरण से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए फोन नंबर 07462-294515 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार के हेल्पलाइन नंबर 181 तथा खाद्य विभाग की हेल्पलाइन 14435 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# वजीरपुर में स्कूल को आठ कम्प्यूटर भेंट



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से अनन्या, अलीशा, उनके परिवार तथा उनकी संस्थाओं एक्लिप्स एजुकेशन और यूनिवर्स एजुकेशन द्वारा वजीरपुर के विद्यालय में आठ कम्प्यूटर भेंट किए गए!

विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमराज मीणा ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल उपकरणों का दान नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य में किया गया महत्वपूर्ण निवेश है। उन्होंने बताया कि कम्प्यूटरों से छात्रों को डिजिटल कौशल सीखने और पढ़ाई में नई तकनीक का लाभ मिलेगा। विद्यालय प्रशासन ने दानदाताओं के भारत और अमेरिका में रहने वाले परिजनों का भी धन्यवाद किया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि इन कम्प्यूटरों से छात्रों के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

## प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत 2026

# 92535 प्रकरणों का निस्तारण, 117300860 रुपए के अवार्ड पारित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में शनिवार को जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर में स्थित न्यायालयों तथा तालुका विधिक सेवा समितियों गंगापुर सिटी, खण्डार, बौंली, बामनवास एवं न्यायालय चौथ का बरवाड़ा में इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी राजीनामे से प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिले में कुल 10 बैंचो का गठन किया गया।



जिनमें जिला मुख्यालय पर न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, स्थायी लोक अदालत के मामलों के निस्तारण हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता देवेन्द्र दीक्षित जिला एवं सेशन न्यायाधीश सवाई माधोपुर द्वारा तथा जिला एवं सेशन न्यायालय, पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, एससी/एसटी न्यायालय, अपर जिला एवं सेशन न्यायालय सवाई माधोपुर के मामलों के निस्तारण हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता असीम कुलश्रेष्ठ न्यायाधीश विशिष्ट न्यायालय अजा/अजजा (अ.नि.) प्रकरण सवाई माधोपुर द्वारा तथा न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-01 एवं संख्या-02 सवाई माधोपुर के मामलों हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता आशुतोष सिंह आढ़ा वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर द्वारा तथा राजस्व व प्री-लिटीगेशन स्तर के मामलों के निस्तारण हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा की गई। बैंचों द्वारा सभी प्रकार के राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें, पारिवारिक मामले, सिविल प्रकृति के मामलें, चैक अनादरण प्रकरण, बैंकों के ऋण वसूली मामलें, राजस्व से सबंधित मामलों एवं सभी प्रकार के राजीनामा योग्य मामलों की सुनवाई कर उभय पक्षकारों के मध्य समझाईश कर आपसी राजीनामें के माध्यम से प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में सवाई माधोपुर न्यायक्षेत्र में लम्बित कुल 19193 प्रकरणों में से 17783 प्रकरणों का निस्तारण कर 51837231 रूपए के अवार्ड पारित किए गए तथा प्री-लिटिगेशन के कुल 77793 प्रकरणों में से 74752 प्रकरणों का निस्तारण कर 65463629 रूपए के अवार्ड पारित किये गये। इस प्रकार कुल 96986 प्रकरणों में से 92535 प्रकरणों का निस्तारण कर 117300860 रूपए (अक्षरे ग्यारह करोड़ तिहत्तर लाख आठ सौ साठ रूपये) के अवार्ड पारित किये गये।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालतें सौहार्दपूर्ण तरीके से त्वरित न्याय प्राप्त करने का एक बेहतरीन मंच है। जिला मुख्यालय पर प्री-लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों के लिये गठित बैंच की अध्यक्ष समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा सदस्य पैनल अधिवक्ता राजेन्द्र यादव द्वारा भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं अन्य बैंकों तथा जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड एवं अन्य वितीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं पक्षकारों के मध्य समझाईश कर सैकडों प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निस्तारण हेतु गठित बैंच द्वारा धनवसूली के 717 में से 286 प्रकरणों, बिजली, पानी, मोबाईल, क्रेडिट कार्ड एवं अन्य बिलों के भुगतान से संबंधित 2080 में से 2049 प्रकरणों, राजस्व विवाद के 7857 में से 7413 प्रकरणों एवं अन्य राजीनामा योग्य 57306 प्रकरणों में से 55173 प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों हेतु गठित बैंचों द्वारा राजीनामा योग्य फौजदारी मामलों के 962 प्रकरणों में से 917 प्रकरणों एवं सिविल मामलों के 374 में से 126 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# टोडारायसिंह उपखंड में नवसाक्षरों की एसेसमेंट परीक्षा आयोजित

## 7796 परीक्षार्थियों ने लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** उपखण्ड क्षेत्र में रविवार को नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक टोडारायसिंह के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर नवसाक्षरों की परीक्षा का आयोजन किया गया। साक्षरता ब्लॉक समन्वयक सत्यनारायण पारीक ने बताया कि ब्लॉक टोडारायसिंह में 90 परीक्षा केन्द्रों पर पंजीकृत 7800 नवसाक्षरों में से 7796 नवसारूओं ने परीक्षा दी। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी टोडारायसिंह द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। अति प्रशासनिक अधिकारी राजनारायण शर्मा, बाबू लाल सैनी, कमलेश कुमार सैनी एम.आई.एस. ने साक्षरता के नियंत्रण कक्ष में उपस्थित रहकर परीक्षा का सफल सम्पादन में योगदान दिया। कस्बे नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नव साक्षरों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक एसेसमेंट परीक्षा का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोडारायसिंह के औद्योगिक परिसर में किया गया।

परीक्षा का अवलोकन पर्यवेक्षक हंसराज गुर्जर द्वारा किया गया। इस अवसर पर ममता पाराशर वीक्षक के रुप में उपस्थित रहीं। हंसराज गुर्जर पर्यवेक्षक ने बताया कि टोडारायसिंह शहर में 672 नव साक्षरों ने परीक्षा दी।

# राज सखी टोंक मेला 2026 का आयोजन आज से



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने और महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं राजीविका द्वारा 16 से 22 मार्च 2026 तक ''राज सखी टोंक मेला 2026'' का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट परिसर टोंक में किया जाएगा।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि यह मेला महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, इसमें टोंक जिले के साथ साथ राज्य के अन्य जिलो से स्वयं सहायता समूह भाग लेंगे। मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जागरुकता गतिविधियों तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित जानकारी भी आमजन को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर महिला स्वयं सहायता समूहों का उत्साहवर्धन करें तथा उनके उत्पादों को खरीदकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहयोग दें।

राजीविका के डीपीएम ललित कुमार ने बताया कि राज सखी मेले में राज्य के समस्त जिलो के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, कपड़े, गृह सज्जा सामग्री, जैविक उत्पाद तथा स्थानीय पारंपरिक वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए 50 से 60 स्टाल लगाई जाएगी। मेले के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार और आय के नए अवसर प्राप्त होंगे। मेले के आयोजन के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहेंगे।

## जिला स्तरीय 'विकसित राजस्थान रन' का आयोजन

# अधिकारियों, खिलाड़ियों, पुलिस के जवानों एवं युवाओं ने लगाई दौड़

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय 'विकसित राजस्थान रन' का आयोजन किया गया। रन डॉ.भीमराव आंबेडकर जिला खेल स्टेडियम से प्रारंभ हुई, इसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, विद्यार्थी, खिलाड़ी, पुलिस के जवान, युवा तथा आमजन ने भाग लेकर स्वस्थ जीवन एवं विकसित राजस्थान का संदेश दिया। दौड़ की शुरुआत मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर रामरतन सौकरिया ने हरी झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रन का कंकाली माता मंदिर, घंटाघर होते हुए पटेल सर्किल पर समापन हुआ।




इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने कहा कि राजस्थान दिवस के अवसर पर ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को राजस्थान की प्राचीन संस्कृति, लोक कला एवं धरोहर से रूबरू कराना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि विकसित राजस्थान को लेकर केंद्र व राज्य सरकार की जो संकल्पना है उसमें वे अपनी शत प्रतिशत भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि राजस्थान दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में 19 मार्च तक जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही 16 से 22 मार्च तक कलेक्ट्रेट परिसर में राजसखी मेला 2026 का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें राजीविका की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय स्टॉल लगाई जाएगी।

# घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर एसडीएम ने की बड़ी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी की रोकथाम को लेकर एसडीएम प्रीति मीणा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ढाणी जुगलपुरा में स्थित अनुष्का होटल व रेस्टोरेंट पर छापेमारी की गई। जिसको लेकर तीन घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए। निरीक्षण अभियान के तहत एसडीएम प्रीति मीणा ने झिलाय इंडियन गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण कर रिकॉर्ड व वितरण व्यवस्था की जांच की। इसी प्रकार ढाणी जुगलपुरा स्थित अनुष्का होटल व रेस्टोरेंट पर छापेमारी की गई, जहाँ घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया।

नियमों के उल्लंघन पर तीन घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त कर गैस एजेंसी को सुपुर्द किए गए। इसी दौरान हाईवे पर स्थित पारस रिसोर्ट की भी जांच की गई। जहाँ व्यावसायिक सिलेंडरों का उपयोग होता मिला। एसडीएम प्रीति मीणा ने बताया किघरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# गणेश्वर महादेव मंदिर में हुआ भजन संकीर्तन

**निवाई। (बढ़ता राजस्थान)** गणेश नगर कॉलोनी में श्री गणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महिला मंडल के तत्वाधान में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। भगवान की झांकी सजाकर जोत जलाकर भगवान के भोग लगाए गया। महिलाओं द्वारा भजन संकीर्तन किया गया। इस दौरान गणेश नगर में पधारो गणेश्वर महादेव एवं मीठे रस से भरोरी राधा रानी लागे महान जमुना जीरो पानी खारो खारो लागे सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। जिन पर महिलाओं ने जमकर भक्तिनृत्य किया। इस अवसर पर कांता जांगिड़, अजंता गुर्जर रजवास, ममता शर्मा, उगन्ता शर्मा, हेमा गुर्जर, शांति बारेठ, नाथी शर्मा, राधा देवी शर्मा, शांति गुर्जर, सुमन गुर्जर, गोरधनी शर्मा, धोली गुर्जर, रतनी जाट सहित महिला मंडल की कई महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

## रन फॉर विकसित राजस्थान

# युवाओं ने दिया स्वस्थ एवं विकसित राजस्थान का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत रविवार को दशहरा मैदान से सर्किट हाउस तक 'रन फॉर विकसित राजस्थान' का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर काना राम ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र, सवाई माधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस दौड़ में जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों, कोच, अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों, होमगार्ड, स्काउट, गाइड, पुलिस जवानों तथा बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ का समापन सर्किट हाउस पर हुआ। दौड़ में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को केप वितरित की गई। साथ ही, कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार, पेयजल की व्यवस्था भी की गई।

## राजस्थान दिवस समारोह

# स्थानीय हस्तशिल्प और मार्बल मूर्तिकला बनी आकर्षण का केंद्र

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान दिवस समारोह - 2026 के तहत रविवार को रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में 'एक जिला एक उत्पाद' मार्बल एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित स्थानीय हस्तशिल्प, हैंडीक्राफ्ट, खादी एवं अन्य उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों और छोटे



उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने तथा बाजार से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने आमजन से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने की अपील भी की।

प्रदर्शनी में बांसटोड़रा क्षेत्र की मार्बल मूर्तियां, बस्ट, स्टैच्यू, लालटेन, फैंसी आइटम और मॉडर्न आर्ट विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इसके अलावा हैंडलूम वस्त्र, सूती बेडशीट, धोती-तौलिये, ब्लैक पॉटरी उत्पाद, लकड़ी और मार्बल की मूर्तियां, लाख की चूड़ियां, चमड़े की मोजड़ियां, सन के खिलौने तथा ब्लॉक प्रिंटिंग आधारित उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए हैं।

जिला उद्योग महाप्रबंधक पंकज मीणा ने बताया कि 15 से 19 मार्च तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी-2024, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 तथा राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2024 की जानकारी भी उद्यमियों एवं आमजन को दी जा रही है।

कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, जिला उद्योग अधिकारी प्रियंका माथुरिया, रीको संगठन खेरदा के अध्यक्ष धरमवीर राठौड़, लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि, विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, उद्यमी एवं देशी-विदेशी पर्यटक उपस्थित रहे।

राजस्थान दिवस समारोह की श्रृंखला में 16 मार्च को राजस्थानी जनजातीय गौरव दिवस तथा 17 मार्च को राजस्थान युवा शक्ति दिवस के अंतर्गत भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## अमीर फकीर

फकीर शब्द और अमीर शब्द आपस में मेल कहां खाते हैं,लेकिन फकीर सच में जितना अमीर होता है शायद ही कोई होता होगा। वाह वाह जी मौज फकीरां दी...



ये तो शायद सबने सुना होगा लेकिन सच में देखा जाए तो फकीर है कौन और यदि वो सच में फकीर है तो फिर अमीर कहां से हुआ। आज एक ऐसे ही फकीर की कहानी बताने जा रहा हूं, जिसे ना आने वाले कल की चिंता हो ना बीते हुए कल का अफसोस हो बस वही फकीर है। आज फकीर तो बहुत घूम रहे हैं दोस्तों लेकिन ये झोला उठाकर चलने वाले फकीर भी दो प्रकार के होते हैं एक तो वो जो बादशाह के झोले में रहते हैं दूसरे वो जिनके झोलें में बादशाह रहता है। एक बानगी इंतकाल के बाद ही पता चलता है कि दुनियां में अमीर तो वह था जो सच में झोला लेकर निकलता था और मज्जिद में सोता था। यहां तो जन्नत और जहन्नुम की बातें और उसके बाद इस तिलिस्मी दुनियां का जलवा बना रहता था। इस दुनियां से लौट जाना है ये तय है उसके बाद भी हजार हैं तो लाख की चिंता,लाख हैं तो फिर करोड़ की चिंता और करोड़ हैं तो फिर करोड़ों कमाने की फिराक में इंसान अपना जीवन यूं ही निकाल देता है उन्ही लूटे खसोटे रूपयों से खैरात करके जन्नत जाने की सोचता है लेकिन इंतकाल के बाद उस अल्लाह की अदालत में उसे करोड़ों रूपये कमाकर भी बैठने की जगह नहीं मिलती और जो फकीर झोला लेकर खैरात मांगता फिरता था आज वो अल्लाह की नेक नियामत संजोए बैठा है। *तन को सौ सौ बंदिशें,मन को लगी ना रोक- तन की दो गज कोठरी,मन के तीनों लोक*

**'फकीर मिजाज हूं मैं,अपना अंदाज ओरों से जुदा रखता हूं-लोग मन्दिर मजिदों में जाते हैं और मैं अपने दिल में खुदा रखता हूं'**

यही शास्वत सत्य है मित्रों हम जीवन भर अमीर बनने के चक्कर में सब कुछ यहीं छोड़ जाते हैं और एक दिन पता चलता है कि अमीरी को फकीरी में थी।



रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी, अलवर संस्करण

## गांधीनगर वेलफेयर सोसाइटी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** रविवार को गांधीनगर वेलफेयर सोसाइटी का कॉलोनी के पार्क में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ जिसमें जितेंद्र सिंह नरूका यूआईटी उपसचिव एवं सोहन सिंह नरूका नगर निगम आयुक्त मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप स्वयं लीली यादव ने उपस्थित हो कर पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में श्रीमती लिली यादव अध्यक्ष , सुभाष माथुर सचिव, जगदीश नरूका उपाध्यक्ष , दशरथ सिंह शेखावत संगठन मंत्री, जय किशन जाट एवं भवानी सिंह बारेठ संरक्षक पद की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में कॉलोनी में विकास कार्यक्रम का एक रोड मैप भी तैयार किया गया दोनों मुख्य अतिथियों को कॉलोनी में विजिट कराकर समस्याओं से अवगत भी कराया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को सभी लोगों ने बहुत-बहुत शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्षा लीली यादव ने कहा कि सदैव कॉलोनी के हित के लिए खड़ी रहीं हूं आगे भी कॉलोनी के विकास के लिए तत्पर व तैयार रहूंगी।

## डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 1.85 करोड़ की ठगी का पर्दाफाश

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** साइबर थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 1.85 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए एक संविदा बैंक कर्मी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त शरत कविराज के निर्देश पर साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

पुलिस उपायुक्त शाहीन ने बताया कि कमला नेहरू नगर, प्रतापनगर निवासी 75 वर्षीय सरस्वती देवी माहेश्वरी के मोबाइल पर 13 फरवरी को एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके आधार कार्ड से केनरा बैंक में खाता खुला है, जिसमें करीब 2 करोड़ रुपये का फर्जी लेन-देन हुआ है।

आरोपी ने महिला को गिरफ्तारी का डर दिखाते हुए कहा कि यदि वह जांच से बचना चाहती हैं तो उनकी एफडी और अन्य राशि आरबीआई जांच के लिए बताए गए खाते में जमा करानी होगी, अन्यथा उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया जाएगा। डर के कारण महिला ने 18 फरवरी को अपने एसबीआई खाते से 1 करोड़ 85 लाख 23 हजार रुपये बताए गए खाते में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। जोधपुर में विभिन्न धाराओं तथा आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने द्वितीय लेयर के खाते के धारक तिलक सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने बताया कि उसने अपना बैंक खाता साइबर अपराध के लिए शिवम तोमर को दिया था।शिवम तोमर से पूछताछ में सामने आया कि यह खाता साइबर अपराध में इस्तेमाल करने के लिए एसबीआई के संविदा कर्मचारी अजय सिंह को दिया गया था। आगे की जांच में पता चला कि अजय सिंह इस साइबर ठगी गिरोह के मुख्य आरोपी मुकेश राव के लिए काम करता था और खातों की व्यवस्था करने में उसकी अहम भूमिका थी।

पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों मुकेश राव (28) , तिलक सिंह (19) , शिवम तोमर (30) और अजय सिंह (25) (संविदा कर्मचारी, एसबीआई पाल रोड शाखा) को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी मुकेश राव के खिलाफ पहले से भी मारपीट, लूट और अन्य आपराधिक मामलों में प्रकरण दर्ज हैं जांच के दौरान पीएनबी बैंक और साइबर पुलिस जोधपुर की तत्परता से करीब 22 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर होने से पहले ही रुकवा दी गई, जबकि साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से 33.87 लाख रुपये की रकम होल्ड करवा दी गई थी।

## पुलिस कर्मी भी हुए सम्मानित

# दो बेटियों का कन्यादान, रोशनी चैरेटी को सामाजिक सेवा सम्मान

### पुलिस कर्मी कविता और मुकुल को बेहतर कर्तव्य निर्वाह के लिए किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर।** नेक कमाई फाउंडेशन और रोशनी चैरेटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रिवाज रिसोर्ट्स में दो बेटियों का कन्यादान किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए रोशनी चैरेटी को सामाजिक सेवा सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद की राजस्व अधिकारी निशा लखानी, रोशनी चैरेटी की रोशनी गुप्ता महावर और शिक्षाविद उमा छाबड़ा ने दीप प्रज्वलित कर की।

इस अवसर पर फाउंडेशन के संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि नेक कमाई फाउंडेशन अब तक 336 कन्यादान कर चुका है। संस्था द्वारा विमंदित और मूक.बधिर बच्चों के लिए स्कूल संचालित किया जा रहा है। वहीं भीख मांगने और कचरा बीनने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही नारी सशक्तिकरण के लिए तीन सिलाई केंद्र और एक प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं तथा जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरण सहित कई सेवा कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि इस अवसर पर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की पुलिस कर्मी कविता और मुकुल को बेहतर कर्तव्य निर्वहन के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने महिलाओं को राजकॉप सिटीजन ऐप डाउनलोड करवाकर उसकी उपयोगी जानकारी भी दी। रोशनी चैरेटी की ओर से यह सेवा पुरस्कार रजनी गुप्ता महावर, रजनी खंडेलवाल, ललिता चुघ, मुकता शर्मा, सुमन खंडेलवाल, ममता मेठी, निशा मेठी, सुनीता, लक्ष्मी, स्मिता भाटिया, कविता, भावना, पुष्पा और अंजू ने प्राप्त किया। इस अवसर पर समाजसेवा के लिए मनोहर झाम, डिजिटल क्रिएटर अंशिका शर्मा, राजकुमार शर्मा, शिखा जैन, सचिन, सुनीता शर्मा, पायल प्रधान, कृष्णकांत खंडेलवाल, खुशबू भारद्वाज, संगीता सिंह, अर्चना आमेरिया, पल्लवी सपड़ा, उमेश खत्री, मुस्कान अलग, संगीता मीना, कमला यादव, रैना मुखीजा और प्रतिभा सिंह को भी सम्मानित किया गया।

अतिथियों का स्वागत अभिषेक तनेजा, रेखा महलावत, सुनीता शर्मा, रेखा शर्मा, गुरप्रीत सिंह पवित्र और शिक्षाविद राजकुमार अदलक्खा ने किया। कार्यक्रम का संचालन गुरप्रीत सिंह और शानू ने कियाए जबकि अंत में संरक्षक दौलत राम हजरती ने आभार व्यक्त किया।

> **सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण**
>
> **मुख्य** अतिथि राजस्व अधिकारी निशा लखानी ने कहा कि नेक कमाई फाउंडेशन का कन्यादान कार्य म समाज सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण है। जब इतनी बड़ी संख्या में कन्यादान किए जाते हैं तो यह साबित होता है कि बेटियां किसी एक परिवार की नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी होती हैं। बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई और प्रशिक्षण केंद्र चलाना भी सराहनीय पहल है।

## करणी माता मेले के संयोजक बनने पर राजेश जोशी का किया भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** श्री बाला किला करणी माता व्यवस्था समिति के मेला कमेटी के संयोजक बनने पर राजेश जोशी सहित मुरारी पाराशर एगोरधन लाल खेमानी नरेश चौधरी सुरेश धरवाड़ सुनील जायसवाल विष्णु सुरेश अवस्थी भरत शर्मा देवराज शर्मा का कंपनी बाग स्थित पाराशर बुक डिपो पर किया भव्य स्वागत कार्यक्रम में पूर्व राज्य परिवार के निजी सचिव जय सिंह राठौड़ व्यापार संघ के मुकेश विजयमहेश खंडेलवाला मनोज विजय अखिलेश गर्ग चाणक्य परिवार के विजय भारद्वाजएमनी का बढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष बिहारी पाराशरएगजेंद्र शर्माएशिवसेना के पूर्व अध्यक्ष मुकेश दीवानएअशोक सेन बहादुरपुरएमुन्ना जीएनरेश शर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा द्वारा की गई।

# शिविर का उद्देश्य उपध्याय जी के सन्देश को घर- घर पहुँचाना: शेखावत

### विधानसभा क्षेत्र के पाँचों भाजपा मण्डलों में प्रशिक्षण का कार्य हुआ संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के पाँचों मण्डलों में भाजपा का पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन हुआ जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक सीख की जानकारी दी गई। विधायक देवीसिंह शेखावत ने बताया कि पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र के पाँचों भाजपा मण्डलों में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के अपेक्षित कार्यकर्ताओं को सात अलग-अलग सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम रामपुर मण्डल, बानसूर मण्डल,नीमूचाना मण्डल और नारायणपुर मण्डल में अलग-अलग शिविर लगाकर आयोजित किया गया। इन शिविरों में पार्टी की विचारधारा, संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने, सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे पार्टी की रीति और नीति सहित भाजपा सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने का कार्य करें। कार्यकता भाजपा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही कार्यकर्ताओं को सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहकर जनसेवा सहित सामाजिक कार्यों में मदद करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

इस दौरान पाँचों मण्डलों में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और पार्टी के संगठनात्मक ढांचे व कार्य प्रणाली को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस दौरान नारायणपुर मण्डल अध्यक्ष संदीप सैनी,रामपुर मण्डल अध्यक्ष करण ओला,बानसूर मण्डल अध्यक्ष राकेश सिंघल भाजपा नेता डॉ शशिकांत बोहरा,नीमूचाना मण्डल अध्यक्ष कांता सत्येन्द्र शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार को बढ़ावा देना उद्देश्यः शर्मा

**बानसूर (धीरज मौर्य) बढ़ता राजस्थान।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर में स्थित श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा चलाए जा रहे बुनियादी शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षिका हेमा प्रजापत द्वारा उर्वशी ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र नारायणपुर में रविवार को सिलाई व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण की प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन समिति सचिव सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में बाह्य परीक्षक पिंकी मीना एवं आंतरिक परीक्षक हेमा प्रजापत के द्वारा छात्राओं को कपड़ों की सिलाई करवा कर एवं ब्यूटी पार्लर के विभिन्न ट्रेड का व्यक्तिगत रूप से कार्य करवाकर परीक्षण किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपने कौशल व कार्य क्षमता के अनुसार प्रायोगिक कार्य करके दिखाया। निदेशक मोनू शर्मा ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने के लिए,इस प्रकार के प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है।

## बहुजन दिवस हमारे सौभाग्य का दिवस

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा एवं फुलेरा सहित बसपा कार्यकर्ताओं ने बसपा के संस्थापक साहब कांशीराम का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। साथ ही साहब कांशीराम के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई। बानसूर विधानसभा क्षेत्र में बहुजन दिवस के उपलक्ष्य में बोलते हुए पूर्व पंचायत समिति सदस्य और समर्पित बहुजन सुगनचन्द मौर्य ने कहा कि यह दिवस हमारे लिए गौरव दिवस है। हम सबको गर्व करना चाहिए कि बाबा साहेब के बाद यदि कोई चेतना जगाने वाला भारत में तथागत बुद्ध का अवतार था तो साहब कांशीराम था।हमें नहीं भूलना चाहिए कि कीड़े-मकोड़ों की जिन्दगी जिकर मर गए हमारे बुजुर्ग जिनके पूर्वजों ने कभी 10पीढ़ी तक भारतवर्ष पर शासन कर भारत को विशाल भारत बनाया था जो बोद्धिस्तान से हिंदुस्तान नहीं।लेकिन पुष्यमित्र शुंग ने इसे बोद्धिस्तान से हिंदुस्तान बना दिया और उनकी औलादों ने भारत को सीमेंट कर रख दिया। मौर्य ने कहा कि यदि अभी भी नहीं सम्भले तो आने वाली पीढ़ियां कभी संभल नहीं पाएंगी।

## शख्सियत

नमस्कार साथियों हमारी दैनिक बढ़ता राजस्थान आज प्रदेश में तेजी से बढ़ते हुए समाचार पत्रों की श्रेणी में आ रहा है। अपने सात संस्करण के साथ जनता को खबरों से रूबरू करवा रहा है। ऐसे में शख्सियत कॉलम एक बार फिर से प्रकाशित किया जा रहा है। आज की शख्सियत कॉलम के स्टार है 27 दिसम्बर सन 1978 को कानपुर में जन्में श्री संग्राम सिंह कटियार एक होनहार भारतीय वन सेवा के अधिकारी हैं। पर्यावरण कानून में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, वनस्पति विज्ञान में स्नातकोत्तर (एमएससी) के बाद सिविल परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय वन सेवा में आए और आज वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, सरिस्का बाघ परियोजना, अलवर जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये क्षेत्र निदेशक, सरिस्का बाघ परियोजना, अलवर (वन संरक्षक के पद विरूद्ध) उप वन संरक्षक, जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर (वन संरक्षक, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर के पद विरूद्ध) रहे। उप वन संरक्षक, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर। उप वन संरक्षक, वन्यजीव, जयपुर। उप वन संरक्षक, वन्यजीव, चिड़ियाघर, जयपुर। उप क्षेत्र निदेशक, रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाईमाधोपुर। उप वन संरक्षक, झालावाड़। उप वन संरक्षक, जालोर। उप वन संरक्षक (डीओडी) उदयपुर।



श्री संग्राम सिंह कटियार (आई.एफ.एस)

उप वन संरक्षक, प्रतापगढ़। उप वन संरक्षक, सिरोही। उप वन संरक्षक, करौली। सहायक वन संरक्षक, कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्य जीव) जोधपुर। सहायक वन संरक्षक, उप वन संरक्षक (वन्यजीव) कार्यालय, जोधपुर। रहे यही नहीं वन्य जीवों की रक्षा व वन सम्पदा के संवर्धन के लिए विभिन्न प्रशिक्षणों में भी भाग लिया जैसे मध्य करियर प्रशिक्षण चरण.तृतीय, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून उत्तराखंड (भारत) में शानदार अधिकारी के रूप में वनकर्मियों में इनका अलग नाम है। इतने सारे जिलों में सेवाओं के अनुभव का लाभ सरिस्का में बाघों को मिल रहा है। ऐसे में बाघों की लगातार बढ़ती संख्या में इनका अनुपम योगदान है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। जय हिन्द जय भारत..

रूपक शर्मा

## नेता प्रतिपक्ष से मिलें संविदा प्लेसमेंट कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल

बढ़ता राजस्थान



**अलवर।** अखिल राजस्थान संविदा प्लेसमेंट कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारी पहुंचे नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के पास अपनी वेतन बढ़ोतरी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार द्वारा वर्तमान बजट घोषणा में प्लेसमेंट संविदा कर्मचारी कि मांगों को अनदेखी का आरोप लगाया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष यश जोशी ने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में ठेका प्लेसमेंट संविदा कर्मचारी एवं कम्प्यूटर आपरेटर्स के हितों को महत्व नहीं दिया गया है । ज्ञापन में ठेका कर्मचारियों की न्यूनतम दरों के पुन निरक्षण की मांग करते हुए कहा गया कि वर्तमान दरें अत्यंत कम है । समिति द्वारा अकुशल श्रमिक को 20,358 रुपए अर्द्धकुशल श्रमिक को 22,568 रुपए ए कुशल श्रमिक को 24,804 रुपए उच्च कुशल श्रमिक को 26,910 रुपए प्रतिमाह निर्धारित करने की मांग रखी। इसके साथ ही समान काम समान वेतनए ठेका प्रथा समाप्त होए राजकीय संस्था गठन जल्द लागू, नियमितिकरण, बोनस अंक प्रावधान कि मांग रखी गई । इस दौरान प्रदेश महामंत्री ऋतिक रोशन ने बताया कि ज्ञापन के दौरान संविदा प्लेसमेंट संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव सुनील चौधरी, नर्सिंग अध्यक्ष उत्सव शर्मा, वार्ड बॉय अध्यक्ष कृष्ण कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर अध्यक्ष हुकम चंद शर्मा, सफाई कर्मचारी अध्यक्ष अरविंद सारवान, महामंत्री मुरली सैन, कोषाध्यक्ष आलोक शर्मा, मंत्री योगेंद्र कुमार जाटव, सिद्धार्थ चौधरी, सुनील चौधरी, अजय सैन, समय सिंह, रिंकेश मीना, अखिल शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, कृष्ण अवतार, सलमान खान एवं समिति के पदाधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## मक्खन बनाने वाली मशीन से बन रहा था ड्रग्स

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और धोरीमन्ना पुलिस ने संयुक्त अभियान में भारी मात्रा में ड्रग्स बनाने का केमिकल बरामद किया है। टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब 192 किलो 110 ग्राम ड्रग्स केमिकल जब्त किया और मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मक्खन बनाने वाली मशीन के 2 ब्लेड बरामद किए गए, जिनका इस्तेमाल ड्रग्स तैयार करने में किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार पुलिस को इलाके में अवैध रूप से एमडी ड्रग्स बनाने की तैयारी की सूचना मिली थी, जिस के आधार पर पुलिस टीम ने गडरा क्षेत्र में दबिश दी। मौके से 5 केनों में भरा केमिकल और मक्खन बनाने वाली मशीन के 2 ब्लेड बरामद किए गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए निंबाराम और ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ जारी है और मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि बाड़मेर जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है और अवैध नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अलवर जिला स्काउट एंड गाइड फेलोशिप के नए कार्यालय का उद्घाटन लाफ्टर योगा एवं सीपीआर ट्रेनिंग के साथ

बढ़ता राजस्थान



**अलवर।** रविवार को अम्बेडकर चौराहे के पास स्थित श्रमजीवी पत्रकार संघ कार्यालय प्रांगण में अलवर जिला स्काउट एंड गाइड फेलोशिप कार्यालय का उद्घाटन धूमधाम से किया गया। अलवर जिला स्काउट एंड गाइड फेलोशिप के संरक्षक हरीश कालरा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के चेयरमैन व मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर समाजसेवी डॉ.एससी मित्तल, विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.योगेन्द्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की चीफ ट्रेनर डॉ.कुमुद गुप्ता थे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेशजी, भारतमाता एवं सरस्वतीमाता की तस्वीर पर पुष्पमाला चढ़ाकर, दीप प्रज्वलित करके किया गया सभी अतिथियों का सम्मान स्काउट स्कार्फ एवं माला पहनाकर किया गया तदपश्चात संरक्षक हरीश कालरा ने स्वागत उद्बोधन एवं संरक्षक बालकिशन गुप्ता, मधुसुदनशर्मा ने अध्यक्ष गिरीश गुप्ता के अथक प्रयासों के लिए बधाई देते हुए कार्यालय हेतु स्थान देने के लिए श्रमजीवी पत्रकार संघ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

विशिष्ट अतिथि डॉ.कुमुद गुप्ता ने कहा कि समाज के हर महिलाएपुरुषों को सीपीआर आना बहुत जरूरी है। विशिष्ट अतिथि डॉ.योगेन्द्र शर्मा ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ ने समाज के लिए यह नेक कार्य किया है अलवर जिला स्काउट एंड गाइड फेलोशिप के कार्यालय के लिए स्थान देकर समाज सेवा को बढ़ावा दिया है । मुख्य अतिथि डॉ.एससी मित्तल ने कहा कि समस्त कार्यकारिणी को नए कार्यालय के उद्घाटन की बधाई भी प्रेषित करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के अंतर्गत इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की चीफ ट्रेनर डॉ. कुमुद गुप्ता ने सीपीआर को ट्रेनिंग देकर किसी की जान बचाने के गुण सिखाये वही डॉ. मित्तल ने लाफ्टर योगा द्वारा स्वस्थ्य रहने का मूल मंत्र दिया डॉ मित्तल ने हँसा हँसा कर लोगो को आनंदित कर दिया।

कार्यक्रम में हरीश कालरा, बालकिशन गुप्ता, मधुसुदन शर्मा, राजेश भट्ट, रामप्रकाश गुप्ता, ताराचन्द अग्रवाल, राजेश शर्मा, अशोक आहूजा, शम्भू दयाल शर्मा, निमेश, सीताराम शर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेन्द्र अरोड़ा, सतीश गुप्ता, गोविन्द गोयल, अनिल बंसल, रूपेश गुप्ता, गजेन्द्र यादव, आशा कालरा, यामिनी गुप्ता, प्रमिला गुप्ता, नीता अग्रवाल, लता रानी शर्मा, मंजू शर्मा, कृष्णा अनेजा, मीणा बांगिया सहित बड़ी संख्या में मीडिया बन्धुओ ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# चित्तौड़ दुर्ग भारत की अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक : मुख्यमंत्री योगी

## इस वीर भूमि ने भारत को एक नई पहचान दी है - योगी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** सनातन धर्म, मर्यादा और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाली इन वीरांगनाओं की स्मृति इतिहास में अद्वितीय है और ऐसा उदाहरण पूरे विश्व में मिलना कठिन है।

त्याग और बलिदान की परंपरा क्या होती है यह चित्तौड़ दुर्ग से सीखा जा सकता है। भारतीय नारी के षौर्य को, उनके अस्मिता को, उनके स्वाभिमान को सम्मान देने का यह कार्यक्रम महारानी पद्मिनी ने हमें विरासत में सौंपा है और उसको नमन करके हम नारी के गौरव को नई ऊचाई प्रदान करने के लिए हम अपने दायित्वों का निर्वहन करने के यहां पर आये हैं। यह भारत की अमर गाथा है जो नारी अस्मिता, नारी सम्मान व नारी स्वालम्बन की एक नई प्रेरणा प्रदान कर रहा है। यह बात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने




रविवार दोपहर को जौहर स्मृति संस्थान की ओर से आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने कहा जब भी जब मेवाड़ के षौर्य, पराक्रम की बात आती है, वीरांगनाओं के जौहर को स्मरण करते है, मीरा बाई की भक्ति की धुन से जब भारत अभिभूत होता है तो हम सब एक नई प्रेरणा प्राप्त करते है। इसी वीर भूमि ने भारत को एक नई पहचान दी है। कि जौहर सत्ता या साम्राज्य के संघर्ष का प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, नारी सम्मान और सुरक्षा का

### राष्ट्र नायकों ने देष व धर्म की रक्षा के लिए काम किया

जब भी भारत संकट में होता है तो आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होने के लिए हर भारतीय के मन में तीन नाम महाराणा प्रताप, छत्रपति षिवाजी का नाम आता है, गुरू गोविंद सिंह जी का स्मरण आता है। इन राष्ट्र नायकों ने अपने लिए नही लड़ा था बल्कि इनका संघर्ष देष व धर्म के लिए था। इनका संघर्ष सत्ता या साम्राज्य का नही था बल्कि भारत की अस्मिता, स्वाधीनता का संघर्ष था। राष्ट्र के प्रति जो भी योगदान देगा उसका स्मरण लंबे समय तक होता है। इसलिए आज हम सब इतिहास का स्मरण नही कर रहे है बल्कि इतिहास बनाने वाली धरती से साक्षात्कार कर रहे है। इतिहास कैसे बनता है, यह चित्तौड़ दुर्ग इस बात के प्रतीक के रूप में हमें सिखाता है।

प्रतीक है। यह केवल इतिहास का स्मरण नहीं, बल्कि इतिहास रचने वाली इस धरती का साक्षात्कार है। यह कार्यक्रम इस बात का भी संदेश देता है कि भविष्य में किसी भी बहन या बेटी को जौहर व्रत के उस दौर से गुजरना नहीं पड़े और हर बेटी को सुरक्षा व सम्मान की गारंटी मिले। महाराणी पद्मिनी के नेतृत्व में हजारों वीरांगनाओं ने नारी अस्मिता की रक्षा करने के लिए उस समय जो जौहर व्रत लिया था वह जौहर उस समय की परिस्थिति थी। उस समय की परिस्थिति भी नारी गरिमा का, नारी गौरव का एक श्रेश्ठतम उदाहरण था। हर भारतीय नारी को सुरक्षा की गारंटी और सम्मान की गारंटी मिलनी चाहिए, स्वावलम्बन की गारंटी मिलनी चाहिए। यह जौहर श्रद्धांजलि समारोह इसका एक प्रतीक है और आह्वान भी कर रहा है कि यह हर भारतीय नारी का अधिकार भी होना चाहिए।

**गर्व से कहा हम सब हिन्दू है**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारे पूर्वजों के प्रति हमारे मन में भाव होता है तो परिणाम आने में देर नही लगती है। इतिहास को सही मायने में किसी ने हम सबको स्मरण कराया था तो वो विवेकानंद थे। उन्होने 1893 में षिकागो सम्मेलन में एक ही बात कही थी कि गर्व से कहो हम सब हिन्दू है। यह उद्घोश आज भी हम सब भारतीयों को एक सूत्र में बांधने का काम करता है। नेपाल में जाते है तो वहां हिन्दूओं का भाव है। हिन्दू का भाव सबको जोड़ता है तोड़ता नही है। देष जातिवाद की राजनीति के कारण कमजोर हुआ है। जातिवाद की राजनीति भारत की नींव को कमजोर कर रहा है। बांटने की राजनीति हमें फिर से गुलामी की ओर धकेल रहा है। जिनको कुछ भी नही करना होता है वे जाति पाति के नाम पर समाज को बांटने का काम करते है।

**इनको देष की नही अपने अस्तित्व की चिंता है**

जब भी आक्रांता आते है तो वे केवल साम्राज्य को ही नही लूटते है। हमारी संस्कृति, परम्परा, बौद्धिक सम्पदा को लूटने व रौंदने का काम भी करते है। मनन करो कि कौन लोग है जो जातिवाद के आधार पर फिर से समाज को बांट रहे है। कौन लोग है जो अफवाह के आधार पर देष के विष्वास का संकट खड़ा कर रहे है। भारत भारत न बना रहे इसके लिए लगातार दुश्चक्र कर रहे है। याद करेंगे तो पायेंगे यह वो ही लोग है जिन्होने कहा था कि राम एवं कृश्ण तो हुए ही नही थे।यह वही लोग है जो रामसेतु को तोड़ने को तो उतावले नजर आये लेकिन राममंदिर के निर्माण के लिए नही।

## महर्षि गौतम प्राकट्य महोत्सव की भव्य शोभायात्रा शुरू

### तीन बत्ती चौराहे से शुरू हुई भव्य शोभायात्रा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** शोभायात्रा में श्री रामलला अयोध्याधाम सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ.आचार्य राजानंद शास्त्री, रघुनाथ धाम के महंत श्री श्री 1008 बाल किशन जी महाराज, कथावाचक पं. रवि गौतम विशाल शर्मा राखी गौतम जगमोहन गौतम कुंज बिहारी गौतम डा. अनिल शर्मा हीरेंद्र शर्मा राजेंद्र गौतम दिनेश दुबे जितेंद्र गौतम अजय चतुर्वेदी संजय गौतम पंडित गोविंद शर्मा पंकज मेहता रविंद्र त्यागी आर के शर्मा चंद्र प्रकाश शर्मा ( चंदू ) अनुराग गौतम पदम गौतम राम गौतम महेश द्विवेदी रमेश गौतम विनोद गौतम प्रवीण पंचोली भगवान गौतम कमलकांत शर्मा अजय शर्मा राम गौतम सुनील गौतम कमलकांत शर्मा लोकेश गौतम शुभम गौतम श्रीनाथ गौतम मदन गौतम समेत जनप्रतिनिधि और समाज के गणमान्य नागरिक शोभायात्रा में है मौजद

## जैन समाज ने निकाली नवकार कलश रथ यात्रा, 9 अप्रैल को विश्व नवकार महामंत्र दिवस को लेकर जागरूकता



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे मै निकाली जैन समाज ने कलश रथ यात्रा।आगामी 9 अप्रैल को विश्व नवकार महामंत्र दिवस 2.0 को लेकर सकल जैन समाज द्वारा रविवार को कस्बे कलश रथ यात्रा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, 9 अप्रैल को 120 देशों में एक समय लाखों श्रद्धालु सामूहिक नवकार मंत्र का जाप करेंगे।इसे विश्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने का भी प्रयास किया जा रहा है।इस जन-जागरूकता अभियान के तहत जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन ( छ्ढ्ढञ्ज्ह्र ) द्वारा राजस्थान में नवकार कलश रथ यात्रा निकाली जा रही है।प्रदेशभर में तीन रथों के माध्यम से यह यात्रा लोगों को नवकार महामंत्र के महत्व से जोड़ रही है। इस यात्रा को 1 मार्च को जयपुर में आयोजित जीतो टाउन प्रतिनिधि सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना किया था।विश्व नवकार दिवस के उपलक्ष्य में संचालित यह रथ यात्रा रविवार सुबह चौमहला नगर में बैंड-बाजों के साथ प्रवेश हुई। महावीर भवन से शुरू हुई शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई जैन मंदिर पहुंची,समापन जैन उपाश्रय में हुआ। इस अवसर पर दिनेश जैन,राजेश जैन, प्रवीण संचेती ने आगामी 9 अप्रैल को होने वाले विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। तथा 9 अप्रैल को आयोजित होने वाले सामूहिक नवकार मंत्र जाप में शरीक होने की अपील की ,उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

## राजस्थान दिवस पर कोटपूतली में ओडीओपी मेला शुरू, ऑटो कंपोनेंट को मिली नई पहचान

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान दिवस-2026 के उपलक्ष्य में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की ओर से नगर परिषद परिसर में पाँच दिवसीय एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) मेला एवं प्रदर्शनी का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि ऐसे आयोजन कुटीर उद्योगों, स्थानीय कारीगरों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक जिले की विशिष्ट पहचान को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे स्थानीय उत्पादों को बाजार और रोजगार के नए अवसर मिल सकें।उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महाप्रबंधक भंवरलाल सैनी ने बताया कि यह मेला 15 मार्च से 19 मार्च 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। मेले में उद्यमियों और आम लोगों को राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति 2024, राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति 2024, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।

### सर्व समाज, विविध संगठनों की बैठक आयोजित

## हिंदू नव वर्ष, चैत्र प्रतिपदा पर चित्तौड़गढ़ में समारोह पूर्वक आयोजन, भव्य शोभायात्रा 19 को

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में हिंदू नव वर्ष समारोह आयोजन समिति द्वारा गुरुवार 19 मार्च को भव्य शोभायात्रा और नववर्ष स्वागत आयोजन समारोह पूर्वक किए जाएंगे। सर्व समाज एवं विविध संगठनों की सर्वसम्मत राय से समारोह को भव्यता प्रदान करने के लिए वृहद स्तरीय तैयारीयां की जा रही है। समारोह में भागीदारी करने वाले विविध संगठनों,विद्यालयों और सामाजिक व धार्मिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं झांकियों सहित सभी ने आयोजन को भव्य रूप देने विचार व्यक्त किए ।

यहां भारतबाग में आयोजित सर्व हिंदू समाज व समस्त सामाजिक संगठनों एवं विविध संगठन व संस्थाओं की बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक हेमंत कुमार जैन के आतिथ्य में आयोजित बैठक में आयोजन समिति संरक्षक , इतिहास संकलन समिति के प्रांतीय संरक्षक वैद्य लक्ष्मी नारायण जोशी ने बताया कि गुरुवार 19 मार्च को मुख्य समारोह के रूप में इंदिरा गांधी स्टेडियम से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में सर्व हिंदू समाज के महापुरुषों की झांकियां, उज्जैन महाकाल की सजीव झांकी, भारत माता की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। जबकि सभी विद्यालयों, धार्मिक मंडल, प्रभात फेरियां व अन्य झांकियां तथा सर्व हिंदू समाज के महिला पुरुषों की बड़ी संख्या में भागीदारी रहेगी। शोभायात्रा इंदिरा गांधी स्टेडियम से रविवार सायंकाल प्रारंभ होकर शास्त्री नगर चौराहा, कलेक्ट्रेट चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड, गंभीरी पुलिया, अप्सरा चौराहा होकर सुभाष चौक पहुंचेगी। जहां सायं काल भारत माता की आरती व प्रसाद वितरण के साथ ही समापन किया जाएगा। विभाग कार्यवाह दिनेश चंद्र भट्ट ने



संचालन करते बताया किसमारोह में भागीदारी करने वाले विविध संगठनों,विद्यालयों और सामाजिक व धार्मिक संगठनों एवं झांकियों आदि की तैयारियां जारी है। 19 मार्च को प्रातः वर्ष प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष के स्वागत हेतु शहर के प्रमुख चौराहों पर राष्ट्रसेविका समिति , मातृशक्ति द्वारा मंगल तिलक करके नीम, मिश्री व काली मिर्च का प्रसाद वितरित कर शुभकामनाएं दी जाएगी। जबकि आलोक संस्थान एवं वेलोसिटी संस्थान द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर तिलक लगाकर, नीम मिश्री का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## शक्ति, संस्कृति और शौर्य का संगम; हिंदू नववर्ष पर मातृशक्ति ने निकाली भव्य वाहन रैली

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** राजस्थान की छोटी काशी 'बूंदी' में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में शक्ति, संस्कृति और शौर्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। देशप्रेम और भारतीय संस्कृति के उल्लास से सराबोर इस उत्सव में शहर की मातृशक्ति ने पारंपरिक वेशभूषा और केसरिया साफे में सज-धज कर विशाल वाहन रैली का आयोजन किया।

**केसरिया साफे में दिखी नारी शक्ति**

रैली का नजारा देखते ही बन रहा था जब सैकड़ों की संख्या में महिलाएं केसरिया साफा बांधकर दोपहिया वाहनों पर सवार होकर निकलीं। यह दृश्य नारी शक्ति के शौर्य और उनकी सांस्कृतिक जड़ता को प्रदर्शित कर रहा था। वाहन रैली शहर के कुंभा स्टेडियम से शुरू हुई। 'जय श्री राम' के उद्घोष के साथ रैली शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरी। पूरे रास्ते धर्म



और राष्ट्रप्रेम का उत्साह चरम पर रहा। रैली पुनः कुंभा स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई

**जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत:**

शहरवासियों ने पलक-पावड़े बिछाकर इस रैली का स्वागत किया। शहर के मुख्य चौराहों और मार्गों पर स्थानीय लोगों द्वारा मातृशक्ति पर भव्य पुष्प वर्षा की गई। पूरा माहौल भक्तिमय और उत्साह से भरा नजर आया। इस कार्यक्रम को पीताम्बर शर्मा रैली कार्यक्रम प्रभारी , नूपुर मालव महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, पूर्व सभा पति सरोज अग्रवाल, सहित कई महिला उपस्थित रही ।

### भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

## सकल जैन समाज ने किया पोस्टर विमोचन, 20 मार्च को निकलेगी णमोकार रथ यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** सकल जैन समाज द्वारा आगामी 30 मार्च को भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस भव्य आयोजन की तैयारियों के बीच, रविवार को चोगान जैन नोहरा आश्रम में अध्यक्ष महावीर धनोप्या की अध्यक्षता में महोत्सव के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया गया।

**20 मार्च को होगा विशेष आयोजन**

सकल जैन समाज के मंत्री आदित्य भंडारी ने जानकारी दी कि मुख्य महोत्सव से पूर्व 20 मार्च को बूंदी शहर में विश्व शांति के संकल्प के साथ णमोकार रथ यात्रा निकाली जाएगी। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त सदस्यों, पूर्व कृषि अधिकारी रमेश कुमार जैन व संदीप कोठारी का माला व दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। संयोजक ओमप्रकाश ठग ने बताया कि 30 मार्च को जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित होगी, जिसमें

प्रार्थना एवं प्रभात फेरी धुजारोहण, मंडल विधान,अहिंसा रैली, दोपहर में भव्य रथ यात्रा समाज के दिग्गजों ने साझा किए विचार कार्यक्रम के दौरान मीडिया प्रभारी रविंद्र काला ने बताया कि महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के



लिए संरक्षक त्रिलोक चंद जैन (एडवोकेट), संजय जैन खंडेलवाल, सरावगी समाज के अध्यक्ष संतोष पाटनी व श्वेतांबर समाज के अध्यक्ष अशोक भंडारी ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अध्यक्ष महावीर धनोप्या ने समस्त समाज जनों से एकजुट होकर सहयोग करने की अपील की। पोस्टर विमोचन के इस अवसर पर जैन समाज की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें:

**विमल भडकत्या अध्यक्ष श्वेताम्बर समाज,**

**सुमति प्रकाश जैन अध्यक्ष श्रीमाल जैन समाज,**

**महावीर हरसोरा अध्यक्ष बघेरवाल समाज,**

रामविलास जैन देवपुरा कोषाध्यक्ष, सकल जैन समाज विनोद कोटिया अध्यक्ष, दिगंबर जैन समाज, सुनील बाकलीवाल उपाध्यक्ष, खंडेलवाल सरावगी समाज, नमन जैन मंत्री, मुनीश्वर नाथ दिगंबर जैन मंदिर मधुबन, राजेंद्र कुमार जैन अजेता एवं अनूप खटोड़ कार्यक्रम का सफल संचालन ओमप्रकाश ठग ने किया एवं अंत में मंत्री आदित्य भंडारी ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## आवासीय विद्यालय के हास्टल में घुसकर मारपीट करने का मामला

### पुर्व सरपंच सहित तीन गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन।** शहर थाना पुलिस ने राजकीय आवासीय विद्यालय के हॉस्टल में घुसकर छात्रों के साथ बेल्ट से मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम की घोषणा की थी। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि 13 मार्च 2026 को पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के पास स्थित राजकीय आदिवासी विद्यालय मे छात्रों के बीच आपस में कहासुनी हो गई थी जिसकी जानकारी छात्रों द्वारा उनके परिजनों को दी गई। जिस पर एक पक्ष के छात्रों के परिजन तथा उनके अन्य परिचित आवासीय विद्यालय में आए और विद्यालय के हॉस्टल में घुसकर छात्रों के साथ बेल्ट से बेरहमी से मारपीट की। मौके पर घटना का बनाया हुआ वीडियो पुलिस की जानकारी में आया। पुलिस द्वारा घटना के वीडियो पर संज्ञान लेते हुए आवासीय विद्यालय के वार्डन राकेश कुमार मीना से इस संबंध में शिकायत प्राप्त कर आरोपियों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर वारदात में शामिल आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा व उप अधीक्षक हर्षराज सिंह खरेड़ा के निर्देशन में थानाधिकारी अलका बिश्नोई, उप निरीक्षक सुनील वर्मा, सहायक उप निरीक्षक प्रीतम सिंह, हेड कांस्टेबल किशोर कुमार, कांस्टेबल करणसिंह, सूरज की टीम गठित की। जिस पर टीम सदस्यों ने वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करते हुए खानपुर थाना क्षेत्र के गांव बाघेर निवासी सत्यनारायण उर्फ सत्तू भील, सदर थाना क्षेत्र के गांव तीतरी निवासी मंटु राम भील, बकानी थाना क्षेत्र के गांव बड़बड़ निवासी जगदीश प्रसाद भील को गिरफ्तार किया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 5 - 5 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की थी।

## 5 वर्षीय अजलान 8 वर्षीय उमैर अली ने रखा पहला रोज़ा, परिजनों में खुशी की लहर

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला।** झालावाड़ जिले के चौमहला मै पवित्र माह रमज़ान के दौरान मुस्लिम समाज में इबादत और रोज़ों का सिलसिला पूरे उत्साह के साथ जारी है। पुरुषों, महिलाओं और युवाओं के साथ-साथ नन्हे बच्चे भी आस्था और उमंग के साथ रोज़ा रखकर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन कर रहे हैं।इसी कड़ी में चौमहला कस्बे के 5 वर्षीय अजलान व 8 वर्षीय उमैर अली , पिता सलमान अली ने अपने जीवन का पहला रोज़ा रखा। कम उम्र में ही अजलान व उमैर ने पूरे जोश और श्रद्धा के साथ दिनभर भूख-प्यास सहन करते हुए रोज़ा पूरा किया।परिजनों के अनुसार अजलान व उमैर इस दिन को लेकर काफी उत्साहित थे और दिनभर इबादत में समय बिताया। शाम को इफ्तार के समय घर में विशेष खुशी का माहौल रहा। परिवारजनों और रिश्तेदारों ने अजलान व उमैर को दुआओं और शुभकामनाओं से नवाज़ा।इस अवसर पर सभी ने देश में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ भी मांगी।

## यूनाइटेड वर्ल्ड पीस काउंसलिंग ने किया अलंकृतराष्ट्र संत कमल मुनि कमलेश को अंतरराष्ट्रीय सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** गौसेवा, जीवदया और मानवता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले राष्ट्र संत, मेवाड़ गौरव गुरुदेव कमल मुनि कमलेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यूनाइटेड वर्ल्ड पीस काउंसलिंग द्वारा उन्हें ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।अखिल भारतीय जैन दिवाकर विचार मंच के जीवदया प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गुरु कमल चंद्र रोशन गौसेवा ट्रस्ट के संस्थापक संजय जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुरुदेव कमल मुनि कमलेश लंबे समय से समाज में सेवा, करुणा और मानवता का संदेश दे रहे हैं। उनके प्रेरक व्यक्तित्व और समाजहित में किए जा रहे कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है।संजय जैन ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए जुनून, कठोर परिश्रम और अदम्य साहस की आवश्यकता होती है। यदि व्यक्ति में सेवा का भाव और समाज के प्रति समर्पण हो तो वह अकेला भी इतिहास रच सकता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्र संत कमल मुनि कमलेश ने अपने जीवन के माध्यम से यही सिद्ध किया है और समाज को सदैव सकारात्मक दिशा देने का कार्य किया है।उन्होंने बताया कि गुरुदेव संप्रदायवाद से ऊपर उठकर संपूर्ण मानवता के कल्याण का संदेश देते हैं। वे लोगों को वर्तमान में संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। समाज में जब भी विषमता या पीड़ा का समय आता है, तब वे अन्याय के खिलाफ चट्टान की तरह दृढ़ खड़े होते हैं, वहीं दुखी और पीड़ित लोगों के लिए अत्यंत संवेदनशील बनकर मार्गदर्शन करते हैं।गुरुदेव को यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिलने पर संजय जैन ने संपूर्ण मेवाड़ और उदयपुर समाज की ओर से हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने अखिल भारतीय जैन दिवाकर विचार मंच के मेवाड़ प्रांत के सभी सदस्यों तथा गुरु भक्तों की ओर से गुरुदेव को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके मानवता के प्रति समर्पण की सराहना की।उन्होंने कहा कि गुरुदेव कमल मुनि कमलेश का जीवन सेवा, त्याग और करुणा का प्रेरक उदाहरण है और उनके विचार समाज को सदैव नई दिशा देते रहेंगे।

# 499 वर्ष पूर्व भरतपुर के खानुवा में हुआ था निर्णायक युद्ध - डा0 सुधा सिंह

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर घनश्याम अवस्थी।** भरतपुर जिले के खानुव में 499 वर्ष पूर्व मुगल राज्य के संस्थापक बाबर व हिन्दू वीर महाराणा सांगा के मध्य खानुवा में भीषण युद्ध हुआ था जिससे हिंदुस्तान 420 वर्ष तक के गुलाम रहा एक युद्ध की हार ने हमारी दर्जनों पीढ़ियों को गुलामी सहनी पड़ी ,खानुवा युद्ध ने भारत की दिशा तय करने वाले युद्ध में से एक युद्ध में जाना जाता है। उक्त जानकारी लेखक एवं इतिहासकार डा0 सुधा सिंह ने इस पत्रकार को दी।

उन्होंने बताया कि यह युद्ध जहीरुद्दीन मुहम्मद बाबर जो की फ़रगना घाटी उज्बेकिस्तान में फ़रवरी 14 ,1483 अँदिजान में हुआ बाबर काबुल के रास्ते भारत के पानीपत में इब्राहिम लोधी को1526 ई में हराकर 21 फ़रवरी27 को बयाना मैं बाबर की फौज एवं राणा साँगा कि फौज के बीच युद्ध हुआ जिसमें राणा की फौज की जीत हुई लेकिन कुछ दिनों बाद 16 मार्च1527 को महाराणा साँगा जो उत्तार भारत के आगरा से लेकर गुजरात तक एक छत्र शासक थे जिनके नेतृत्व में है कई राजा राज्य करते थे उनकी सेना में 7 राजा,9 राव,104 सरदार,मेदनी राय, हसन ख़ाँ मेवाती ,मारवाड़ आमेर ,ग्वालियर ,अजमेर ,चंदेरी ,इब्राहिम लोदी के भाई महमूद रोधी एवं क्षेत्रीय जाट संगठनों भी युद्ध में साथ थे यह युद्ध महाराणा सांगा के राज्य केंद्र चित्तौड़ से 450 किलोमीटर दूर खानवा के मैदान में 1लाख20हजार की बड़ी सेना जिसमें सात राजा नौ राव वह 104 सरदार शामिल थे 80, हजार घुड़सवार व पैच सौ हाथी,तलवार ,भालों व तीरकमान से लैस थे जबकि बाबर की सैना की संख्या 80, हजार थी जो लगातार युद्धों से थकी हुई थी उसके बावजूद बाबर के पास बारूद के प्रयोग करने वाली सेना थी पैदल तोपची थे मस्किटियर,सुविवेल बंदूके ,मोर्टार और तेज घुड़सवार सवार थे लेकिन बाबर ने अपना पड़ाव सीकरी की तलहटी में जैन धर्मशाला के कुएँ के पास डाला एवं अपनी सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए जिहाद का नारा दिया तमगाकर न लेने ,मदिरा पीने व अफीम पर प्रतिबंध लगाया ,साथ ही शराब से तौबा कि तथा शराब के सोने चाँदी के बर्तनों को तोड़ दिया -卐ला। इजाज इल्ला बिल -जिहाद फ़्सिबिल अल्लाह 卐जिहाद का नारा दिया बाबर नए युग तो मैं छापामार लड़ाई तुलुगमा का इस्तेमाल के साथ भरपूर बारूद एवं तोपों का इस्तेमाल किया जबकि साँगा ने इस युद्ध में पारंपरिक तीर, तलवार ,भालों का ही प्रयोग किया जिसके कारण यह यह युद्ध केवल एक दिन ही चला लेखक कर्नल टॉड के अनुसार महाराणा संग्राम सिंह सांगा आगरा से लेकर दक्षिण गुजरात राज करते थे तथा 1 आँख व एक हाथ तथा अस्सी घाव होने के बावजूद ये एक महान योद्धा के रूप में जाने जाते थे खानुवा में महाराणा सांगा युद्ध में घायल हुए तथा घायल अवस्था में उन्हें युद्ध से बाहर जाना पड़ा और यह युद्ध और भारत के इतिहास में एक बेहद भीषण युद्ध था जिसमें मध्यकालीन इतिहास में महत्वपूर्ण खानुवा युद्ध मुगल साम्राज्य की स्थापन कर भारत में मुगलों की नीम रखी भारत का पहला युद्ध जिसमें बाबर ने बारूद का प्रयोग किया था तथा उसके तैमूर द्वारा प्रतिपादित प्रथा शत्रुओं की खोपड़ी का पिरैमिड लगाकर युद्ध हो भयावान बना दिया है घायल महाराणा सांगा का निधन 30 जनवरी 1528 को दौसा के पास हुआ और मुगल साम्राज्य की भारत मैं स्थापना हुई।

# राजस्थान में कैंसर से 5 साल में 52 हजार से ज्यादा महिलाओं की मौत

## महिलाएं अनिवार्य कराए स्क्रीनिंग - डा0 चरण सिंह चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर घनश्याम अवस्थी** । देश में महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए कैंसर एक गंभीर चुनौती बनकर उभर रहा है। कैंसर महिलाओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। राजस्थान में हर दिन 28 महिलाओं की कैंसर से मौत हो रही है। पिछले 5 साल में ब्रेस्ट, सर्वीक्स और ओवरी के कैंसर से 52 हजार 378 महिलाओं की कैंसर से मौत हुई, जिसमें सबसे ज्यादा 31, 448 मौतें ब्रेस्ट कैंसर, 10,851 सर्वीक्स और 10,079 ओवरी कैंसर के जान जा चुकी है। तीनों कैंसर से मौत में यूपी देश में पहले नंबर पर है। उक्त जानकारी वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डा0 चरण सिंह चौधरी ने कृष्णा नगर स्थित आदविक केयर सेंटर पर इस पत्रकार को दी।

**तीन राज्यों में हर दिन 17 महिलाओं की मौत**-डा0 चरण सिंह चौधरी ने बताया कि पंजाब, हरियाणा और हिमाचल में हर दिन 17 महिलाओं की कैंसर से मौत हो रही है। बिहार और छत्तीसगढ़ में तेजी से पैर पसार रही बीमारी राज्यों की स्थिति के आधार पर यूपी, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में कैंसर के ज्यादा मामले सामने आए हैं। वहीं, बिहार और छत्तीसगढ़ में कैंसर का ग्राफ सबसे तेजी से बढ़ा है। इन दो राज्यों में नए मामलों में लगभग 21-22 प्रतिशत और मौतों के आंकड़ों में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

**30 उम्र की महिलाएं अनिवार्य स्क्रीनिंग कराएं**-डा0 चरण सिंह चौधरी ने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर का मुख्य कारण जिनेटिक म्यूटेशन, हार्मोनल एक्सपोजर और माहवारी का जल्दी प्रारंभ होकर देरी से रजोनिवृत्ति होना। मोटापा, शराब एवं टोबेको का सेवन। जबकि सर्वीक्स कैंसर का प्रमुख कारण एचपीवी वायरस, धूम्रपान और एचआईवी से ग्रसित होना। इसके अलावा ओवरी कैंसर के कारणों में जीन म्यूटेशन, बढ़ती उम्र, एंडोमिट्रोसिस जैसे अनेक कारण है। बीमारी का शुरुआती चरण में पता लगाने के लिए 30 से अधिक उम्र की महिलाओं की अनिवार्य स्क्रीनिंग कराए। ताकि समय रहते उपचार शुरू कर जीवन बचाया जा सके। महिलाओं को समय पर स्क्रीनिंग कराकर व्यायाम के साथ स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर ही अपने जीवन को बचा सकते है। सर्वीक्स कैंसर से बचने के लिए एचपीवी वैक्सीन लगवाएं।

# दलितों के मसीहा कांशीराम जी की 92 वीं जयंती मनाई



**भरतपुर घनश्याम अवस्थी।** जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में राहुल गांधी व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती ममता भूपेश के निर्देशन पर बहुजनों के महानायक एवं दलितों के मसीहा कांशीराम जी की 92 वीं जयंती मनाई गई। जयंती के अवसर पर सर्व प्रथम कांशीराम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई व केक काटा गया। सभी वक्ताओं ने कांशीराम के जीवनी के बारे में बतलाया। इस मौके पर भरतपुर जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के सभी पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# राजस्थान दिवस समारोह 2026 पंच गौरव महोत्सव एवं एक जिला एक उत्पाद प्रदर्शनी का गृह राज्य मंत्री एवं विधायक डीग-कुम्हेर द्वारा भव्य शुभारंभ

## नया संवत्सर और राजस्थान स्थापना दिवसरू प्रदेश के विकास और सांस्कृतिक गौरव को समर्पित पांच दिवसीय आयोजन

## गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म ने विभागीय स्टॉल्स का किया सघन अवलोकनय पर्यटन, कृषि और कुश्ती को बढ़ावा देने के दिए विशेष निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर घनश्याम अवस्थी।** राजस्थान दिवस उत्सव 2026 तथा नव संवत्सर के शुभ अवसर पर रविवार, 15 मार्च 2026 को डीग स्थित नेहरू पार्क में पांच दिवसीय (15 मार्च से 19 मार्च तक) पंच गौरव महोत्सव एवं एक जिला एक उत्पाद (व्क्व्च) प्रदर्शनी का विधिवत एवं भव्य शुभारंभ किया गया। इस गरिमामयी जिला-स्तरीय आयोजन का उद्घाटन राजस्थान सरकार के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म एवं डीग-कुम्हेर क्षेत्र के विधायक, डॉ. शैलेश सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया।

### गृह राज्य मंत्री बेढ़म का सारगर्भित संबोधन

उद्घाटन समारोह के उपरांत मीडिया एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि 19 मार्च को चौत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर राजस्थान दिवस मनाया जाने वाला है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय श्री भजनलाल शर्मा जी की मंशानुरूप, पहली बार यह निर्णय लिया गया है कि राजस्थान की स्थापना को नए संवत्सर के साथ जोड़कर एक उत्सव के रूप में मनाया जाए। इसी क्रम में 19 मार्च से नया संवत्सर प्रारंभ हो रहा है और इस उपलक्ष्य में पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कल स्वच्छता अभियान से इन आयोजनों की शुरुआत हुई और आज डीग जिले के पंच गौरव को प्रदर्शित करने के लिए इस विशाल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। बेढ़म ने आगे स्पष्ट किया कि इस पंच गौरव प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य हमारे जिले के कामकाज करने वाले लोगोंकृमजदूरों, दस्तकारों और उत्पादनकर्ताओंकृको एक उपयुक्त पटल (प्लेटफॉर्म) प्रदान करना है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनके द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों को आमजन तक प्रदर्शित किया जाए और उन्हें विकसित होने का पूर्ण अवसर मिले। यह पांच दिवसीय आयोजन हमारे जिले की सांस्कृतिक, औद्योगिक और खेल प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दी और आमजन से अपील की कि वे इस उत्सव में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाएं।

### विभागीय स्टॉल्स का सघन निरीक्षण एवं दिशा-निर्देश

उद्घाटन के पश्चात गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने पंच गौरव के तहत स्थापित पर्यटन, वन विभाग, उद्योग विभाग, खेल विभाग, कृषि विभाग एवं राजीविका (राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद) द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉल्स का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि डीग जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों, यथाकृसेवल मंदिर, आदिबद्रीनाथ, केदारनाथ और वनविहारी मंदिर आदि का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक जिले की समृद्ध विरासत से परिचित हो सकें। खेल विभाग के स्टॉल पर श्री बेढ़म ने जिले के गौरव कुश्ती के पहलवानों से संवाद किया। उन्होंने खेल में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों की जानकारी ली तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए मौके पर ही पहलवानों को टी-शर्ट वितरित की। कृषि विभाग के स्टॉल पर सरसों में तेल की प्रतिशतता की जानकारी लेते हुए उन्होंने प्रगतिशील किसान हुक्म सिंह (सैंत) का विशेष रूप से उल्लेख किया, जो सरसों से 44: तक तेल निकाल रहे हैं। उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि ऐसे अनुकरणीय किसानों को विभिन्न सेमिनारों में आमंत्रित कर अन्य कृषकों को जागरूक किया जाए। चिकित्सा विभाग के स्टॉल पर उन्होंने सिलिकोसिस बीमारी से बचाव हेतु पहाड़ी, कामां और सीकरी में लगाए जा रहे जागरूकता शिविरों की जानकारी ली। ओडीओपी के अंतर्गत मार्बल मूर्ति निर्माण स्टॉल पर उन्होंने कारीगरों को स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु मूर्ति बनाते समय अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग करने की सलाह दी। वन विभाग के स्टॉल पर जिले की विशिष्ट वनस्पति प्रजाति अर्जुन के औषधीय और पर्यावरणीय महत्व को भी प्रदर्शित किया गया था।

### लखपति दीदी और महिला सशक्तिकरण की मिसाल

प्रदर्शनी का एक प्रमुख आकर्षण राजीविका की महिलाओं द्वारा संचालित स्टॉल्स रहे। बदनगढ़, जनुथर, सीकरी, अंबेडकर चौक कामां और पीपलखेड़ा (पहाड़ी) से आई महिलाओं ने गृह राज्य मंत्री और डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह से संवाद किया। महिलाओं ने अपने वित्तीय स्वावलंबन की यात्रा साझा करते हुए बताया कि उन्होंने क्रमशः 1.5 लाख और 3 लाख रुपये का ऋण लेकर सफलतापूर्वक चुकाया है, और अब अपने व्यवसाय के विस्तार हेतु 6 लाख रुपये के ऋण की योजना बना रही हैं। कई महिलाओं ने गर्व से बताया कि वे अब लखपति दीदी बन चुकी हैं। श्री बेढ़म ने ग्रामीण अधोसंरचना पर फीडबैक लेते हुए जनुथर में चल रहे सड़क निर्माण कार्य के विषय में भी महिलाओं से चर्चा की, जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।



### विधायक डॉ. शैलेश सिंह का अवलोकन एवं संवाद

समारोह में विधायक डीग-कुम्हेर, डॉ. शैलेश सिंह ने भी सभी स्टॉल्स का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से हस्तनिर्मित आभूषणों (ज्वैलरी), मार्बल उत्पादों और शहद के स्टॉल्स पर गहन जानकारी प्राप्त की। राजीविका की महिलाओं से उनके द्वारा निर्मित आभूषणों की बिक्री के संबंध में पूछने पर महिलाओं ने बताया कि वे अपने उत्पाद अपनी दुकानों, अमृता हाट और राज सखी मेलों के माध्यम से सफलतापूर्वक बेच रही हैं। डॉ सिंह ने महिलाओं द्वारा ऑर्गेनिक तरीके से निर्मित सेनेटरी पैड की भी जानकारी ली और उनके इस पर्यावरण-अनुकूल एवं स्वास्थ्यवर्धक प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### महिला सशक्तिकरण को बढ़ावारू हस्तनिर्मित उत्पादों की खरीदारी हेतु विशेष अपील

इस प्रदर्शनी के माध्यम से जिले की मातृशक्ति एवं आमजन से यह विशेष अपील की जाती है कि राजीविका से जुड़ी महिलाओं द्वारा अत्यंत कुशलता से हाथ से कढ़ाई किए गए आकर्षक परिधान, पारंपरिक आभूषण एवं अन्य उत्कृष्ट हस्तशिल्प उत्पाद नेहरू पार्क में बिक्री हेतु उपलब्ध हैं। शहर व जिले की जो भी इच्छुक महिलाएं इन वस्त्रों एवं आभूषणों को खरीदना चाहती हैं, वे 19 मार्च तक नेहरू पार्क स्थित इन स्टॉल्स पर आकर इनकी खरीदारी कर सकती हैं। आपकी यह स्वदेशी खरीदारी इन परिश्रमी महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और लखपति दीदी अभियान को सुदृढ़ करने में एक बड़ा योगदान साबित होगी।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश एवं उत्साहवर्धन

प्रदर्शनी के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए गृह राज्य मंत्री श्री बेढ़म और विधायक डॉ. सिंह ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। इसके पश्चात, युवाओं और आमजन का उत्साहवर्धन करते हुए दोनों अतिथियों ने आयोजन स्थल पर बनाए गए विशेष सेल्फी पॉइंट पर तस्वीरें भी खिंचवाईं। इस गरिमामयी जिला-स्तरीय आयोजन के दौरान जिला कलक्टर उत्सव कौशल, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजकुमार कस्वां तथा महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, डीग दिलखुश मीना सहित जिला प्रशासन, पुलिस और विभिन्न विभागों के अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# सत्य, अहिंसा एवं समाजवाद के सिद्धांतों पर चलना होगा- गिरधारी सिंह बाफ़ना

**भरतपुर घनश्याम अवस्थी।** महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति भरतपुर की जिला संयोजक उमेश देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में भारत सेवा संस्थान, गांधी जीवन दर्शन समिति के अध्यक्ष, वरिष्ठ एडवोकेट,फ़ार्मर एडवोकेट जनरल एवं फ़ार्मर अध्यक्ष बार कांउसिल आफ राजस्थान गिरधारी सिंह बाफ़ना, राज्य स्तरीय गांधी वाटिका के सदस्य रहे महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति झुंझुनू के जिला समन्वय धर्मवीर कटेवा, गांधी जीवन दर्शन समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह का भरतपुर आगमन पर सूत की माला, स्वाफ़ एवं राधे रानी का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान उपस्थित महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गिरधारी सिंह बापना ने कहा कि हमें गांधी के सत्य,अहिंसा एवं समाजवाद के सिद्धांतों को आगे ले जाना होगा। गांधी द्वारा देश की आजादी में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।गांधी के विचारों को आत्मसात करने के साथ युवा पीढ़ी को गांधी से जोड़ना होगा। स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिला संयोजक उमेश देवेंद्र शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य एड.अभिषेक जैन, रीना कौर, विनय गुप्ता,अतुल चतुर्वेदी,अवधेश शर्मा,हेमू पाऊआ, नवीन प्रधान आदि ने स्वाफ़,दुपट्टा एवं माला माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।



# खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स का प्रशिक्षण 17 को' फूड लाइसेंस के लिए रजिस्ट्रेशन भी किया जाएगा

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा0 गौरव कपूर ने दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर घनश्याम अवस्थी।** खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स को फोस्टेक (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मंगलवार को महात्मा गांधी वेटनरी कॉलेज एनएच 21 में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। ैैप् के नियमानुसार प्रेत्यक खाद्य कारोबारी को फोस्टेक ट्रेनिंग लेना अनिवार्य है। ट्रेनिंग लेने वाले को सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। सर्टिफिकेट नहीं होने पर फूड लाइसेंस का रिन्यू नही होगा ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी फूड हैंडलर्स को फूड अथॉरिटी की ओर से प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिले के मिठाई के विक्रेता दुकानदार,अन्नपूर्णा रसोई के फूड हैंडलर्स, मिड डे मील के कुक, विभिन्न आवासीय विद्यालयों के भोजन बनाने वाले कर्मचारी, राजीविका समूह के सदस्य सहित सभी प्रकार के खाद्य व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा मिठाई और नमकीन विक्रेता, होटल-रेस्टॉरेंट संचालक, डेयरी संचालक, थोक व खुदरा किराना व्यापारी, घी-तेल व्यापारी, फल-सब्जी विक्रेता, चाय की थड़ी लगने कचोरी-पकौड़ी बनाने वाले और सभी स्ट्रीट वेंडर्स इस प्रशिक्षण में भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान खाद्य व्यावरियों को रीयूज्ड बुकिंग आँकल (आरयूसीओ) के उपयोग और उससे होने वाले नुकसान के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही खाद्य व्यापारियों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य सामग्री तैयार करने के नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया जायेगा । जिन व्यापारियों को अपना फूड लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन बनवाना है, वे प्रशिक्षण के दौरान आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल और स्वयं




कर फोटो साथ लेकर आएं। सभी फूड हैंडलर्स को प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा।

# एसबीआई कार्ड और मंजरी फाउंडेशन के सहयोग से धौलपुर में महिला उद्यमिता और ग्रामीण विकास पर भव्य कार्यशाला आयोजित

## महिलाओं की भागीदारी से ग्रामीण विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है-अविनाश अग्रवाल

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर घनश्याम अवस्थी।** एसबीआई कार्ड और मंजरी फ़ाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से धौलपुर जिले में महिला उद्यमिता, आत्मनिर्भरता तथा समग्र ग्रामीण विकास को समर्पित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एसबीआई कार्ड के समग्र ग्रामीण विकास परियोजना के अंतर्गत 5 गांवों में चल रहे प्रयासों के अंतर्गत महिला उद्यमिता से आत्मनिर्भरता और समग्र ग्रामीण विकास पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करने, बाजार और जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने,बिजनेस प्लान पर विशेष फोकस रहा।

कार्यक्रम में 800 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। विभिन्न गांवों से पहुंची महिलाओं ने उद्यमिता विकास, स्वरोजगार, डिजिटल साक्षरता और सामुदायिक सशक्तिकरण पर चर्चा की तथा व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

एसबीआई कार्ड के ईवीपी एवं चीफपीपल ऑफिसर अविनाश अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर कहा, एसबीआई कार्ड महिलाओं के सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बना रहा है, बल्कि समुदायों में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हर ग्रामीण महिला आत्मनिर्भर बने और आत्मनिर्भर




भारत के सपने को साकार करने में योगदान दे।

जिला परिषद के सीईओ आईएएस निवृत्ति अव्हाद सोमनाथ ने अपनी उपस्थिति में जोर देते हुए कहा, महिलाओं की भागीदारी से ग्रामीण विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है। यह सहयोग धौलपुर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और उद्यमिता के क्षेत्र में नई उम्मीद जगाता है। हम प्रशासन के स्तर पर ऐसी पहलों को हर संभव समर्थन देंगे ताकि महिलाएं न केवल स्वावलंबी बनें, बल्कि समाज के नेतृत्वकर्ता भी बन सकें।

कार्यक्रम के दौरान कम्युनिटी मोबाइल रिसोर्स हब का उद्घाटन किया गया जो महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को बाजार से जोड़ने और सतत विकास में सहायक होगा। और कैथरी पंचायत को प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन व्हीकल कैंथरी पंचायत के सरपंच अजयकांत शर्मा को सौंपा गया, जो स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम है द्य एसबीआई कार्ड का यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत अभियान के अनुरूप है, जहां ग्रामीण महिलाएं आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। मंजरी फ़ाउंडेशन के साथ साझेदारी से धौलपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन के साथ ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ रही है द्य इस मोके पर कैथरी सरपंच अजयकांत शर्मा उपस्थित रहे।

# गैस की बढ़ती कीमतों व नेशनल हाईवे पर 75 मीटर के अतिक्रमणों को हटाएं जाने के आदेश के विरोध में कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री का पुतला जला विरोध प्रदर्शन किया



बढ़ता राजस्थान

**रूपवास श्याम सुंदर कौशल ।** रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों, बढ़ती महंगाई व नेशनल हाईवे पर 75 मीटर तक के अतिक्रमणों को हटाए जाने के आदेश के विरोध में रूपवास ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय के बाहर पूर्व विधायक अमर सिंह जाटव व ब्लाक संगठन महासचिव सुरेश राजावत के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जला जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस विरोध कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महंगाई पर नियंत्रण करने की मांग उठाई। पूर्व विधायक अमर सिंह जाटव ने कहा कि रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से आम आदमी की कमर टूट चुकी है। महंगाई के कारण गरीब, मध्यम और निम्न वर्ग के परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। वहीं ब्लॉक कांग्रेस संगठन महासचिव सुरेश राजावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महंगाई के मुद्दे को लेकर लगातार आवाज उठा रही है और यह विरोध केवल एक दिन का प्रदर्शन नहीं है। महंगाई के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चलाया जाएगा।

पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर 'मर्दाना ताकत' और कोचिंग के पोस्टर, दीवारों पर लगे

# शिक्षा के मंदिर पर अशोभनीय विज्ञापनों की छाया, जिम्मेदारों की चुप्पी सवालों के घेरे में

## प्रेरक कोटेशन हुए गायब, शिक्षा विभाग की अनदेखी पर उठे सवाल

दैनिक बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर शहर के राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर लगे अवांछनीय और अशोभनीय विज्ञापनों ने शिक्षा के मंदिर की गरिमा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विद्यालय के प्रवेश द्वार के जस्ट बाहर और आसपास की दीवारों पर कोचिंग संस्थानों के पोस्टरों के साथ-साथ 'मर्दाना ताकत' जैसे आपत्तिजनक विज्ञापन खुलेआम चिपके हुए दिखाई दे रहे हैं, जो न केवल विद्यालय के वातावरण को दूषित कर रहे हैं बल्कि जिम्मेदारों की उदासीनता को भी उजागर करते हैं। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि विद्यालय के प्रधानाचार्य और स्टाफ का इस ओर कोई ध्यान जाता नजर नहीं आ रहा। ऐसा प्रतीत होता है मानो विद्यालय प्रशासन को इस बात से कोई सरोकार ही नहीं है कि स्कूल के बाहर या दीवारों पर किस प्रकार के विज्ञापन लगाए जा रहे हैं गौरतलब है कि चुनाव के समय प्रशासन द्वारा विद्यालय की दीवारों पर प्रेरणादायक कोटेशन लगाए गए थे, जो विद्यार्थियों को सकारात्मक संदेश देते थे। लेकिन अब वे कोटेशन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं और उनकी जगह कोचिंग तथा अन्य विज्ञापनों ने ले ली है। इससे विद्यालय परिसर की छवि भी धूमिल हो रही है।

हाल ही में यह विद्यालय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं का केंद्र भी रहा था। परीक्षा के दौरान मुख्य द्वार पर रोल नंबर सूची चस्पा की गई थी, लेकिन तब भी किसी जिम्मेदार की नजर इन आपत्तिजनक विज्ञापनों पर नहीं गई। कम से कम परीक्षा केंद्र और शिक्षा संस्थान के निकट इस प्रकार के विज्ञापन नहीं होने चाहिए थे शिक्षाविदों का मानना है कि किसी भी विद्यालय की मुख्य धुरी उसके प्रधानाचार्य होते हैं। यदि वही विद्यालय परिसर और उसकी गरिमा के प्रति सजग नहीं हैं, तो यह उनकी कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। विद्यालय में बालक-बालिकाएं दोनों अध्ययनरत हैं, ऐसे में इस प्रकार के विज्ञापन बच्चों के मानसिक वातावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं और भी हैरानी की बात यह है कि इसी विद्यालय परिसर में जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यालय भी संचालित हो रहा है। इसके बावजूद यदि विद्यालय की दीवारों पर इस तरह के पोस्टर लगे रहना प्रशासनिक सतर्कता पर भी प्रश्न उठाता है विद्यालय समाज का दर्पण होता है, जहां भविष्य की नींव रखी जाती है। ऐसे में यदि विद्यालय की मुख्य धुरी ही जागरूक नहीं दिखती, तो यह चिंता का विषय बन जाता है कि उस संस्थान का शैक्षणिक और नैतिक वातावरण किस दिशा में जा रहा है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस स्थिति पर संज्ञान लेकर विद्यालय की गरिमा बहाल करने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

आवासीय विद्यालय के हास्टल में घुसकर मारपीट करने का मामला

# पांच हजार के इनामी पूर्व सरपंच सहित तीन गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन।** शहर थाना पुलिस ने राजकीय आवासीय विद्यालय के हॉस्टल में घुसकर छात्रों के साथ बेल्ट से मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम की घोषणा की थी।

जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि 13 मार्च 2026 को पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के पास स्थित राजकीय आदिवासी विद्यालय मे छात्रों के बीच आपस में कहासुनी हो गई थी जिसकी जानकारी छात्रों द्वारा उनके परिजनों को दी गई। जिस पर एक पक्ष के छात्रों के परिजन तथा उनके अन्य परिचित आवासीय विद्यालय में आए और विद्यालय के हॉस्टल में घुसकर छात्रों के साथ बेल्ट से बेरहमी से मारपीट की। मौके पर घटना का बनाया हुआ वीडियो पुलिस की जानकारी में आया। पुलिस द्वारा घटना के वीडियो पर संज्ञान लेते हुए आवासीय विद्यालय के वार्डन राकेश कुमार मीना से इस संबंध में शिकायत प्राप्त कर आरोपियों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर वारदात में शामिल आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा व उप अधीक्षक हर्षराज सिंह खरेड़ा के निर्देशन में थानाधिकारी अलका बिश्नोई, उप निरीक्षक सुनील वर्मा, सहायक उप निरीक्षक प्रीतम सिंह, हेड कांस्टेबल किशोर कुमार, कांस्टेबल करणसिंह, सूरज की टीम गठित की। जिस पर टीम सदस्यों ने वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करते हुए खानपुर थाना क्षेत्र के गांव बाघेर निवासी सत्यनारायण उर्फ सत्तू भील, सदर थाना क्षेत्र के गांव तीतरी निवासी मंटु राम भील, बकानी थाना क्षेत्र के गांव बड़बड़ निवासी जगदीश प्रसाद भील को गिरफ्तार किया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 5 - 5 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की थी।

गैस-ईंधन की बढ़ती कीमतों और 'ट्रेड डील' को बताया किसान-युवा विरोधी

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, पांच बत्ती पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** महंगाई और केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में रविवार को ब्यावर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के आह्वान पर शहर के प्रमुख पाँच बत्ती चौराहे पर विधानसभा स्तरीय विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व ब्यावर ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा और जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धरमसिंह भाटी ने संयुक्त रूप से किया प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आम आदमी की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस और ईंधन की बढ़ती कीमतों ने गृहणियों का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया जाता, कांग्रेस का आंदोलन सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगा जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धरमसिंह भाटी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की आर्थिक नीतियां देश को संकट की ओर धकेल रही हैं। उन्होंने अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील को किसान और युवाओं के हितों के खिलाफ बताते हुए कहा कि इससे बेरोजगारी और बढ़ेगी तथा किसान वर्ग को नुकसान उठाना पड़ेगा कांग्रेस प्रत्याशी पारस पंच ने भी अपने संबोधन में कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर में 60 की बढ़ोतरी और कमर्शियल सिलेंडरों की कमी व्यापारियों और आमजन के साथ अन्याय है इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र ओस्तवाल, नरेंद्र झंवर, पूर्व सभापति शांति बाई डाबला तथा पूर्व पार्षद राजेन्द्र बाबेल सहित कई कांग्रेस नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की प्रदर्शन में कपासन प्रभारी आशीष पाल पदावत, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष अजमत काठात, मेघराज बोहरा, शोभा चौधरी, हनुमान चौधरी, सतीश जाग्रत, रामचन्द्र टेलर, मंडल अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सुलक्षणा शर्मा, यशोदा गुर्जर, मगन सोलंकी, डॉ. जगदीश, अशोक साहू, रामलाल लखन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का संकल्प भी लिया।

## न्याय शास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम ऋषि के जन्मोत्सव को लेकर कपासन में बैठक का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर में स्थित गौतम आश्रम परिसर में रविवार को महर्षि गौतम ऋषि के जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। समाज बंधुओ की बैठक आयोजित की गई। जिसमे 19 मार्च गुरुवार को न्याय शास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम का जन्मोत्सव स्थानीय समाज बंधुओ द्वारा विविध धार्मिक आयोजनों के साथ मनाने को लेकर सुझावों के साथ सार्थक चर्चा की गयी। साथ ही उक्त बैठक में आगामी दो वर्ष हेतु सर्वसम्मति से वर्तमान अध्यक्ष भुवनेश व्यास को पुनः नवीन कार्यकाल हेतु अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस बैठक में पं. जगदीशचंद्र चाष्टा,सत्यनारायण उपाध्याय,पूर्व अध्यक्ष प्रकाश व्यास,कैलाशचंद्र चाष्टा, शिवशंकर उपाध्याय,प्रकाश व्यास,शांतिलाल चाष्टा, दिलीप व्यास, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राकेश व्यास, महामंत्री लोकेश चाष्टा, राजेश जोशी ,दिलीप उपाध्याय, पं. जगदीशचंद्र चाष्टा, राधेश्याम व्यास, पुरण उपाध्याय, योगेश चाष्टा, मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश व्यास, सुनील उपाध्याय, मनोज चाष्टा, अधिवक्ता सत्यनारायण उपाध्याय, राजू उपाध्याय, प्रकाश व्यास, कैलाशचंद्र चाष्टा, सुरेशचंद्र व्यास, राजेश जोशी, पुखराज उपाध्याय, जयेश चाष्टा, रमेशचंद्र चाष्टा, रतनलाल उपाध्याय, जगदीशचंद्र चाष्टा, अशोक व्यास, अभिषेक व्यास, राहुल चाष्टा आदि समाजजन उपस्थित रहे। उपस्थित समाज के पदाधिकारियों एवं गणमान्यजनों महर्षि गौतम ऋषि के जन्मोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियां दी गयी। जिससे धार्मिक कार्यक्रम का भव्यतापूर्वक आयोजन सफल हो सके।

## राष्ट्र उत्थान में स्वस्थ व संस्कारी युवाओं की अग्रणी भूमिका



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** पतंजलि परिवार भीलवाड़ा की ओर से रविवार को गौतम शिक्षण संस्थान परिसर में युवा भारत सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत कल्की राम ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कवि राजेन्द्र गोपाल व्यास उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी भंवरलाल शर्मा, प्रकाश सुराणा और लक्ष्मी नारायण जोशी मौजूद रहे।

युवा भारत के जिला प्रभारी पीयूष शर्मा ने बताया कि सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के उत्थान में स्वस्थ और संस्कारी युवाओं की अहम भूमिका होती है। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा योग और प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ एवं संस्कारी युवाओं का निर्माण किया जा रहा है, जो समाज के लिए प्रेरणादायी है।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एवं मुख्य योग शिक्षक प्रेम शंकर जोशी ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि बीमारियों से बचाव और उनके उपचार में आहार-विहार, योग, प्राणायाम, यम-नियम, यज्ञ-हवन और औषधियों का विशेष महत्व होता है। सम्मेलन का संचालन योग शिक्षक दुर्गा लाल जोशी ने किया।

इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी भीमाराम ने षटकर्म क्रियाओं पर प्रकाश डालते हुए जल नेति और रबर नेति का प्रदर्शन किया। सम्मेलन में भारत विकास परिषद के रजनीकांत आचार्य, योग शिक्षक प्रदीप कुमार शर्मा तथा पूर्व जिला प्रमुख सुशीला सालवी ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के दौरान बालक-बालिकाओं ने संगीत की धुन पर योगाभ्यास का आकर्षक प्रदर्शन किया। भंवरलाल शर्मा ने बताया कि आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिलेभर में उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा।

## विश्व हिंदू परिषद महानगर की बैठक सम्पन्न, संगठनात्मक कार्यक्रमों पर हुई चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) महानगर की जिला बैठक रविवार को शास्त्री नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी योजनाओं और कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि बैठक का शुभारंभ प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश बुलिया, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख विनीत द्विवेदी, विभाग मंत्री विजय ओझा, महानगर मंत्री ओमप्रकाश लड्ढा, उपाध्यक्ष भारत गेंगट और मधुबाला यादव द्वारा दीप प्रज्वलन एवं राम दरबार के चित्र पर तिलक लगाकर किया गया।

बैठक में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश बुलिया ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने संगठन के उद्देश्यों, सामाजिक समरसता, धार्मिक जागरूकता और सेवा कार्यों को लेकर विस्तार से विचार रखे। इस दौरान धर्मांतरण, लव जिहाद, गोरक्षा और नशे जैसी सामाजिक समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

वक्ताओं ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रही है।

## अवैध एलपीजी कारोबार पर रसद विभाग की बड़ी कार्रवाई, 46 वाणिज्यिक सिलेंडर जब्त



बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के आदेश तथा जिला कलेक्टर कमल राम मीना के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को रसद विभाग ने अवैध एलपीजी कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 46 वाणिज्यिक गैस सिलेंडर जब्त किए जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक के नेतृत्व में प्रवर्तन अधिकारी सोहन सिंह चौहान और प्रवर्तन निरीक्षक विक्रांत मथुरिया की टीम ने कृष्णा गैस एजेंसी, ब्यावर से जुड़े एक पिकअप वाहन (आरजे -36-जीए-6718) को गणेशपुरा स्थित कड़ीवाल फार्म हाउस पर जांच के दौरान पकड़ा। मौके पर वाहन में गैस सिलेंडरों का अवैध परिवहन, भंडारण और व्यवसाय किया जाना पाया गया जांच में वाहन से कुल 46 वाणिज्यिक (19 किग्रा) सिलेंडर बरामद हुए, जिनमें 30 भरे हुए और 16 खाली सिलेंडर थे। भरे हुए सिलेंडरों में कुल 602.5 किलोग्राम एलपीजी पाई गई। सिलेंडरों में 44 बीपीसएल 1 एओसीएल और 1 एचपीसीएल कंपनी का सिलेंडर शामिल था।

कार्रवाई के दौरान कृष्णा गैस एजेंसी के प्रतिनिधि संजय पुत्र कन्हैयालाल से सिलेंडरों की आपूर्ति और परिवहन से संबंधित कोई वैध बिल, वाउचर, गेट पास या वाहन के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

## यूपी के सीएम योगी भीलवाड़ा में होने वाली श्री महाशिवपुराण कथा के लिए आमंत्रित



श्री शिव महापुराण कथा आयोजन समिति के सदस्य चित्तौड़गढ़ में योगी से मिले

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** धर्मनगरी भीलवाड़ा शहर में पहली बार प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से 8 से 14 अप्रेल तक आजादनगर मेडिसिटी ग्राउण्ड पर होने वाली शिव महापुराण कथा आयोजन में शामिल होने के लिए गोरक्ष पीठाधीश्वर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रित किया गया है।

योगी के जौहर श्रद्धांजलि समारोह के लिए रविवार को शक्ति एवं भक्ति की पावन धरा चित्तौड़गढ़ आने पर श्री शिव महापुराण कथा आयोजन समिति भीलवाड़ा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कथा सूत्रधारा संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में वहां पहुंच मुख्यमंत्री योगी को आमंत्रित किया।

योगी ने आयोजन की सफलता के लिए मंगलकामनाएं प्रदान की। महन्त बाबूगिरीजी महाराज एवं लालदास महाराज के सानिध्य में मुख्यमंत्री योगी को आमंत्रित करने वालों में आयोजन समिति के संरक्षक भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, रामेश्वरलाल काबरा, ललित सोमानी, अर्पित कोठारी आदि शामिल थे।

घरेलू गैस के दुरुपयोग पर रसद विभाग की कार्रवाई

# 5 जगहों पर छापा, 16 सिलेंडर सहित उपकरण जब्त

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को रसद विभाग ने भीलवाड़ा शहर में पांच स्थानों पर औचक निरीक्षण किया। इस कार्रवाई में 16 घरेलू गैस सिलेंडर, 3 चूल्हे, एक रिफिलिंग मशीन सहित अन्य उपकरण जब्त किए गए। जब्त सामग्री को शहर की गैस एजेंसियों विमल डिस्ट्रीब्यूटर्स और मोदी गैस के कर्मचारियों को सौंप दिया गया।

जांच के दौरान आर.के. कॉलोनी स्थित श्री शिव साईं मंदिर के सामने संचालित शिव शक्ति खमण सेंटर पर निरीक्षण किया गया। यहां संचालक राजू गिरी द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर से खमण बनाकर बेचने का मामला सामने आया। इस पर उसके पास से 5 घरेलू गैस सिलेंडर, एक चूल्हा, रेगुलेटर और रबर पाइप जब्त किए गए।

इसी क्षेत्र में स्थित गुजरात खमण की जांच में संचालक श्यामलाल अग्रवाल के पास से एक घरेलू गैस सिलेंडर और चूल्हा बरामद कर विमल डिस्ट्रीब्यूटर्स को सुपुर्द किया गया।

इसके बाद सुभाष नगर में स्थित देवनारायण रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया, जहां संचालक नारायण गुर्जर द्वारा रसोई में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते हुए ग्राहकों को भोजन परोसा जा रहा था। यहां से 6 घरेलू गैस सिलेंडर सहित अन्य सामग्री जब्त की गई।

इसी क्रम में यूआईटी के सामने स्थित श्री मिठास स्वीट्स की जांच में संचालक राहुल कुमावत द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग किया जाना पाया गया। यहां से 3 सिलेंडर जब्त कर मोदी गैस एजेंसी को सौंपे गए।

यूआईटी रोड पर ही एम.एस. इंजीनियरिंग के निरीक्षण में मालिक मकसूद द्वारा गैस वेल्डिंग के लिए घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जाना सामने आया, जिस पर एक सिलेंडर जब्त किया गया।

रसद विभाग के अनुसार, एलपीजी ऑर्डर 2000 और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत होटल, ढाबों, गैस एजेंसियों और रिफिलिंग केंद्रों पर लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। विभाग ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

जिला रसद अधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि अनावश्यक पैनिक बुकिंग या सिलेंडरों का भंडारण न करें तथा व्यापारी और गैस एजेंसी संचालक भी नियमों का पालन करते हुए कार्य करें। इस कार्रवाई में प्रवर्तन अधिकारी सुरेश कुमार, प्रवर्तन निरीक्षक विनोद मीणा और यूडीसी राधेश्याम खटीक भी शामिल रहे।

## स्थानीय कलाकारों और उद्यमियों को जिला प्रशासन का सहयोग

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र परिसर में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ह्र्र्र्र्र) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में चयनित उत्पाद फेल्डस्पार पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिससे आगंतुकों को जिले के प्रमुख उत्पाद और उससे जुड़े उद्योग की जानकारी मिली जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि ब्यावर के कलाकारों द्वारा बनाई जा रही पिछवाई चित्रकला अत्यंत उत्कृष्ट है और इसके ऑर्डर अन्य जिलों से भी प्राप्त हो रहे हैं। यहां तैयार उत्पाद विभिन्न स्थानों पर भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को अपने उत्पादों को आधुनिक प्लेटफॉर्म जैसे ई-कॉमर्स के माध्यम से भी बाजार तक पहुंचाना चाहिए, ताकि उन्हें व्यापक बाजार और बेहतर पहचान मिल सके।

# दत्तात्रेय होसबाले बोले- ईरान युद्ध पर भारत का स्टैंड सही

## संघ चाहता है कि दुनिया में शांति हो, भारतीयता-हिंदुत्व मानसिकता नहीं जीवनशैली है



बढ़ता राजस्थान

**पानीपत।** हरियाणा में चल रही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के आखिरी दिन रविवार को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के बीच ईरान को लेकर भारत के स्टैंड पर कहा कि भारत हित में सरकार सही कर रही है, ऐसा विश्वास है कि सरकार का स्टैंड सही है। उन्होंने कहा कि

संघ पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों पर जोर देता है। बांग्लादेश और नेपाल में सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल के बाद नई सरकारें बनी हैं। दोनों देशों में शांति-स्थिरता और उनका भारत के साथ अच्छा संबंध पूरे एशिया के विकास और सुरक्षा के लिए जरूरी है।

हालांकि, उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा पर भी चिंता जताई। होसबाले ने कहा- भारतीयता क्या है, हिंदुत्व क्या है, इसकी एक स्पष्ट अवधारणा होनी चाहिए। यह केवल एक मानसिकता नहीं बल्कि एक जीवनशैली है।

# अलवर में मंत्री किरोड़ी ने महिलाओं के साथ किया डांस

## बोले- खुशी में मुझे पकड़कर मंच पर ले गईं, राधा-कृष्ण की जोड़ी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** अलवर में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा- निकाय चुनाव अपने समय पर होंगे। वहीं एलपीजी गैस की समस्या पर उन्होंने कहा- जितनी समस्या दिखाई जा रही है, उतनी गंभीर स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया- ईरान की ओर से दूसरे देशों के तेल ठिकानों पर मिसाइलों से हमले करने और होर्मुज स्ट्रेट बंद करने से यह समस्या आई है। इससे तेल और गैस की आपूर्ति बंद है, जैसे ही होर्मुज स्ट्रेट खुलेगा किल्लत मिट जाएगी।

अलवर के दो दिवसीय दौरे के दौरान शहर में मीणा बालिका हॉस्टल के उद्घाटन पर रविवार को कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मीडिया से बातचीत में यह कहा। वहीं इससे पहले आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने मंत्री का हाथ पकड़कर मंच पर खींचा। फिर महिलाओं ने मंत्री के साथ डांस किया और उन पर फूल भी बरसाए। इस दौरान महिलाएं भी मंत्री के साथ उत्साह के साथ नाचती हुई नजर आईं। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने वीडियो बनाया। निकाय चुनाव में भाजपा का माहौल नजर नहीं आने के सवाल पर उन्होंने कहा- माहौल नजर आ रहा है। खुशी हो रही है, तभी महिलाएं डांस कर रही हैं। मुझे पकड़कर मंच पर ले गईं। राधा-कृष्ण की जोड़ी है।

# एलपीजी जहाज शिवालिक और नंदा देवी की 16-17 मार्च को मुंद्रा और कांदला पोर्ट पहुंचने की संभावना

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** फारस की खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले दो एलपीजी वाहक जहाज -शिवालिक और नंदा देवी - लगभग 92,712 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर गए। यह जहाज 16 और 17 मार्च को मुंद्रा बंदरगाह और कांदला बंदरगाह पर पहुँचेगा। शिवालिक और नंदा देवी के अलावा, भारत आने वाले कई अन्य जहाज खाड़ी क्षेत्र में स्टैंडबाय पर हैं और सुरक्षित तथा निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं। शनिवार को नई दिल्ली में चौथे अंतर-मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने फारस की खाड़ी क्षेत्र में मौजूदा समुद्री परिस्थितियों और इस क्षेत्र में कार्यरत भारतीय नाविकों तथा जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में मीडिया को जानकारी दी। इस दौरान, बताया गया कि पिछले 24 घंटों में भारतीय नाविकों से जुड़ी कोई नई समुद्री दुर्घटना की सूचना नहीं मिली है। क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। वर्तमान में फारस की खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले 22 जहाज हैं जिनमें 611 नाविक सवार हैं। पोत परिवहन महानिदेशालय जहाज मालिकों, आरपीएसएल एजेंसियों और भारतीय दूतावासों के साथ मिलकर स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

# समृद्धि केंद्र गांवों में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और ई-गवर्नेंस पहुंचाएंगे: सिंधिया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने रविवार को कहा कि नवस्थापित एकीकृत फिजीटल सेवा केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, वित्तीय और ई-गवर्नेंस सेवाएं प्रदान करने के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद करेगा। संचार मंत्री ने दूरसंचार विभाग की समृद्ध ग्राम भौतिक डिजिटल सेवा पायलट पहल के तहत गुना जिले के उमरी गांव में समृद्धि केंद्र का उद्घाटन किया, जो एक एकीकृत भौतिक प्लस डिजिटल सेवा केंद्र है। इस पहल के तहत भारतनेट के अंतर्गत निर्मित हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी का उपयोग करते हुए डिजिटल बुनियादी ढांचे को ग्रामीण भारत में नागरिक-केंद्रित सेवाएं प्रदान करने के लिए एक मंच में परिवर्तित किया जा रहा है। समृद्धि केंद्र को एक एकल-खिड़की सेवा केंद्र के रूप में डिजाइन किया गया है जहां ग्रामीण एक ही स्थान पर स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कौशल विकास, कृषि सहायता, वित्तीय सेवाओं और ई-गवर्नेंस सहायता सहित कई सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।



# जयपुर में सीएम ने युवाओं के साथ लगाई दौड़

## यूथ से बोले- 5 साल खून के आंसू रोए, अब उड़ान के लिए तैयार रहिए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के मौके पर रविवार को राजधानी जयपुर सहित प्रदेशभर में विकसित राजस्थान रन 2026 का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों और आम जनता ने भी भाग लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले पांच सालों में युवाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनकी सरकार ने सवा दो साल में युवाओं के साथ अन्याय करने वालों को जेल भेजने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाया गया है, सरकार युवाओं को रोजगार देने के साथ-साथ उन्हें रोजगार देने वाला बनाने पर भी जोर दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पांच सालों में 4 लाख सरकारी और 6 लाख निजी रोजगार देने का लक्ष्य तय किया है।

# सिलेंडर के लिए अलवर में जाम लगाया

## एलपीजी-सीएनजी स्टेशन पर ऑटो की लंबी लाइन

## जूली बोले- मंत्री भ्रम फैला रहे

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** पूरे राजस्थान में एलपीजी के लिए लोग परेशान हैं। रसोई में चूल्हे तक नहीं जल रहे हैं। गैस गोदाम के बाहर लाइन लगी है। वहां के स्टाफ से ग्राहकों की तकरार हो रही है। ऐसा ही हाल सीएनजी-एलपीजी स्टेशन का भी है। ऑटो की एक-एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी है। पूरी रात स्टेशन के बाहर गुजारनी पड़ रही है, फिर भी पर्याप्त एलपीजी नहीं मिल पा रही है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बहरोड़ में गैस सिलेंडर समस्या पर कहा- सरकार और उसके मंत्री समस्या पर भ्रम फैला रहे हैं। उधर, अलवर में राजगढ़ कस्बे में लोग रविवार को जैफ गैस एजेंसी सिलेंडर लेने पहुंचे। 10 बजे तक ऑफिस नहीं खुलने पर रेलवे स्टेशन से अलवर मार्ग जाने वाले मार्ग को लोगों ने जाम कर दिया।

### अजमेर में कांग्रेस ने सिलेंडर की अर्थी निकाली

अजमेर में कांग्रेस ने रसोई गैस की किल्लत को लेकर प्रदर्शन किया। अजमेर दक्षिण ब्लॉक में कार्यकर्ता सिलेंडर को पकड़कर फूट-फूट कर रोने लगा, चूल्हे पर रोटियां सेंककर सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिलेंडर की अर्थी निकाली और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन में अध्यक्ष लक्ष्मी धोलखेड़िया, चंदन सिंह, मनीष सेन और कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हंगामे के बाद शुरू हुआ सिलेंडर का वितरण

अलवर जिले के राजगढ़ कस्बे में रेलवे स्टेशन के पास स्थित जैफ गैस एजेंसी पर रविवार को सिलेंडर की गाड़ी नहीं आने से उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग गई। रविवार को एजेंसी की छुट्टी की सूचना सार्वजनिक नहीं होने से यह स्थिति बनी।

सुबह से ही लोग लाइन में खड़े रहे और कुछ देर नाराज उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन भी किया। प्रवर्तन निरीक्षक अशोक शर्मा और पुलिस मौके पर पहुंची और ग्राहकों को समझाया। इसके बाद एजेंसी से सिलेंडरों वितरण शुरू हुआ। 48 घंटे पहले बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी गई है। हालांकि एक दिन पहले और तत्काल बुकिंग वाले उपभोक्ताओं के पहुंचने से कुछ देर अव्यवस्था की स्थिति बनी रही।



### अलवर में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

अलवर जिले के रामगढ़ कस्बे में रविवार दोपहर रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। एसडीएम कार्यालय परिसर के बाहर कांग्रेस नेता आर्यन खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई।

### जूली बोले- सरकार और उसके मंत्री भ्रम फैला रहे

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बहरोड़ में गैस सिलेंडर समस्या पर कहा- सरकार और उसके मंत्री समस्या पर भ्रम फैला रहे हैं। सिलेंडर की बुकिंग समय सीमा और पैसे बढ़ा दिए फिर भी गैस नहीं मिल रही। विदेश नीति के हालात देखकर ऐसा लग रहा है कि हमने अमेरिका के आगे सरेंडर कर दिया है। ऐसा लग रहा है कि एपस्टीन फाइल में और कई गहरे राज हैं, जिसकी वजह से प्रधानमंत्री ने समझौता कर लिया। इस कारण प्रधानमंत्री कुछ बोल नहीं रहे हैं। गैस के हालात पर प्रधानमंत्री की मॉनिटरिंग पूरी तरह फेल है।



### अलवर-गैस एजेंसी बंद, लोगों ने लगाया जाम

अलवर जिले के राजगढ़ कस्बे में रविवार सुबह रसोई गैस सिलेंडर लेकर भारी भीड़ जैफ गैस एजेंसी के बाहर इकट्ठी हो गई। रविवार होने के कारण एजेंसी में छुट्टी रहती है। इसलिए एजेंसी खुली नहीं। उधर, वहां जुटे लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। सुबह करीब 10 बजे राजगढ़ कस्बे के रेलवे स्टेशन रोड से अलवर जाने वाले रोड को जाम कर दिया। करीब आधे घंटे बाद जाम खोला गया। इस दौरान राहगीरों को परेशानी हुई। राजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया।

### नगर पालिका के सामने प्रदर्शन

रसोई गैस के दामों की बढ़ोतरी और गैस की किल्लत को लेकर दोपहर 12 बजे कोटपूतली-बहरोड़ के बानसूर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व मंत्री शकुंतला रावत मौजूद रहीं। टीकाराम जूली ने आरोप लगाया कि सरकार कह रही है कि गैस की किल्लत नहीं है। मगर यहां गैस एजेंसियों पर लाइन लग रही है।

### सिलेंडर देने के लिए बुलाया था

अलवर के राजगढ़ कस्बे में रविवार को गैस एजेंसी पर पहुंची महिला निर्मला शर्मा ने बताया- सुबह से ही सिलेंडर के लिए लाइन में लगी हुई हूं। खाना बनाने के लिए सिलेंडर के अलावा और कोई साधन नहीं है। एक सिलेंडर था, जो खत्म हो गया। उन्होंने सिलेंडर ऑफिस में बुक करवाया, तब उन्होंने आज का नाम लिया। सुबह पहुंचीं तो एजेंसी बंद मिली और कहा कि छुट्टी है।

### जरूरत की पूरी गैस नहीं मिल रही

जयपुर में गैस लेने के लिए लाइन में खड़े ड्राइवर रविराज मीणा ने बताया - मैं रविवार सुबह 5 :30 बजे से गैस लेने के लिए खड़ा हूं। अभी इन्होंने गैस भरना शुरू किया है। आज भी 1000 रुपए की ही गैस देंगे, इससे टैंक फुल नहीं होगा।

### गैस लेने के लिए ऑटो की लंबी लाइन


जयपुर में रविवार सुबह आतिश मार्केट के पास सीएनजी-एलपीजी स्टेशन पर गैस लेने के लिए ऑटो की लंबी कतार नजर आई।

# मौसम : प्रदेश में बारिश, ओले गिरे, पारा गिरा

## 10 जिलों में आंधी-बरसात का अलर्ट, 2 दिन बाद फिर बदलेगा मौसम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तर भारत में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के कारण राजस्थान में मौसम बदल गया है। जयपुर, बीकानेर सहित कई जिलों शनिवार देर रात बारिश हुई। वहीं, खैरथल-तिजारा जिले के टपूकड़ा में रविवार सुबह ओले भी गिरे हैं। अचानक बदले मौसम से रात के तापमान में दो-तीन डिग्री की गिरावट के कारण गर्मी कम हो गई है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने आज 10 जिलों में बारिश का भी अलर्ट जारी किया है। केंद्र के अनुसार 18 मार्च से फिर बारिश और ओले गिरने की चेतावनी है।



### आधा इंच से ज्यादा बरसात

नए सिस्टम के असर से बीकानेर, जयपुर, झुंझुनूं, तिजारा-खैरथल सहित कई जिलों में बारिश हुई है। बीकानेर के डूंगरगढ़ में देर रात शुरू हुआ बारिश का दौर रविवार सुबह तक जारी रहा।

वहीं, झुंझुनूं में 12.5एमएम और पिलानी में 2एमएम बारिश दर्ज हुई। रविवार सुबह 6 बजे भिवाड़ी (तिजारा-खैरथल) में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। इससे पहले शनिवार को कोटा, जोधपुर, जयपुर समेत कई जिलों के दिन के तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज हुई। सभी शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

### 18 से फिर नया सिस्टम

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- वर्तमान में एक सिस्टम एक्टिव है, जिसका प्रभाव 15 मार्च तक रहेगा। इस सिस्टम का असर से राजस्थान में गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

कुछ शहरों में पिछले एक-दो दिन में तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। 16 और 17 मार्च को प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। वहीं, 18 मार्च से फिर एक नया सिस्टम एक्टिव होगा, जिसके असर से राज्य में दो दिन आंधी-बारिश के साथ कहीं-कहीं ओले गिरने की संभावना है।

# कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से सालाना 150 करोड़ रुपए का गबन किया : अमित शाह

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में अपने 15 साल के कार्यकाल के दौरान असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल लगभग 150 करोड़ रुपए का गबन किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को बुरी तरह से कमजोर कर दिया है।

गुवाहाटी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि एक दशक पहले असम में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहद खराब थी। उन्होंने इसके लिए कांग्रेस शासन के दौरान हुए कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस शासन के दौरान, स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए आवंटित धन को कथित तौर पर नेताओं और उनके परिवारों के फायदे के लिए इस्तेमाल किया गया, जिससे अस्पताल और चिकित्सा बुनियादी ढांचा कमजोर स्थिति में पहुंच गया।

अमित शाह ने कहा कि लगभग 10 साल पहले, असम में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई थी। कांग्रेस सरकार लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के बजाय अपने नेताओं के परिवारों की आर्थिक भलाई को लेकर अधिक चिंतित थी।

# ईरान बोला-एपस्टीन गैंग 9/11 जैसे हमले की साजिश रच रही

## इसका आरोप हम पर लगाया जाएगा, हमारी जंग अमेरिकी नागरिकों से नहीं

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 16वां दिन है। ईरान के सीनियर अधिकारी अली लरिजानी ने दावा किया है कि जेफ्री एपस्टीन से जुड़े कुछ लोग 2001 के 9/11 (वर्ल्ड ट्रेड सेंटर) जैसा हमला करवाने की साजिश रच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इसका आरोप ईरान पर डालने की कोशिश की जा सकती है। ईरान ऐसे किसी आतंकी हमले का समर्थन नहीं करता और उसका अमेरिकी जनता से कोई युद्ध नहीं है। बता दें कि जेफ्री एपस्टीन एक यौन अपराधी था, जिसने 2019 में जेल में आत्महत्या कर ली थी। उस पर नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप थे । अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने बीते कुछ महीने में एपस्टीन से जुड़ी कई फाइलें सार्वजनिक की हैं। इनमें राष्ट्रपति ट्रम्प समेत दुनिया भर के कई हाई प्रोफाइल लोगों के नाम हैं।

वहीं 2001 में 11 सितंबर को अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला हुआ था, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इस वारदात को आतंकी गुट अलकायदा के सरगना ओसामा बिन लादेन ने अंजाम दिया था।

### ईरान बोला- सुप्रीम लीडर मुजतबा पूरी तरह ठीक

ईरान ने कहा है कि देश के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई पूरी तरह ठीक हैं और उन्हें कोई चोट नहीं लगी है। इससे पहले ब्रिटिश मीडिया द सन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि मुजतबा 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल हो गए थे। इसके बाद से वे कोमा में हैं और उनका एक पैर भी काटना पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने भी कहा था कि मुजतबा घायल हो गए हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंट सॉल्यूशंस, बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित तथा बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादकः तनुजा पठान* । प्रधान संपादकः राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888) । प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल, फोनः 0141-2796794, 2796795 । ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)